चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 68, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 05 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**अरुणाचल प्रदेश 11 स्थानों के नाम बदलने की कोशिश की है, उसने ये नाम चीनी, तिब्बती और पिनयिन भाषाओं में जारी किए**

## चीन ने फिर की 'चालबाजी'

नई दिल्लीः चीन अपनी चालबाजी से कभी बाज नहीं आता। अब उसने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश 11 स्थानों के नाम बदलने की कोशिश की है। उसने ये नाम चीनी, तिब्बती और पिनयिन भाषाओं में जारी किए हैं। ड्रैगन का ये कदम तब आया है, जब भारत ने हाल ही में सीमावर्ती राज्य अरुणचाल प्रदेश में जी20 कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत एक अहम बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में चीन शामिल नहीं हुआ था। अब कुछ दिन बाद उसने एक बार फिर भारत को उकसाने की कोशिश की है।

**अरुणाचल के मुद्दे पर अभी क्या हुआः** चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 स्थानों के मानकीकृत नाम जारी किए। ड्रैगन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी चीन का हिस्सा बताता है और इसे जांगनान कहता है। सरकार के नियंत्रण वाले अखबार ग्लोबल टाइम्स ने सोमवार को खबर में कहा कि मंत्रालय ने रविवार को 11 स्थानों के 'आधिकारिक' नाम जारी किए हैं। इनमें दो भूमि क्षेत्र, दो रिहायशी इलाके, पांच पर्वत चोटियां और दो नदियां शामिल हैं। यहां तक कि सूची में अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर के करीब एक शहर भी शामिल है।

**क्या पहले भी नाम बदलने का प्रयास कर चुका चीन? :** यह पहली बार नहीं है जब चीन ने भारतीय क्षेत्रों के नाम बदलकर इन्हें अपना बताने की कोशिश की हो। चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय द्वारा अरुणाचल प्रदेश के लिए जारी मानकीकृत भौगोलिक नामों की यह तीसरी सूची है। इससे पहले अरुणाचल में छह स्थानों के मानकीकृत नामों का पहला बैच 2017 में जारी किया गया था। यह घोषणा 2017 में दलाई लामा के अरुणाचल दौरे के कुछ दिनों बाद हुई थी। तब चीन ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता की यात्रा पर भी आपत्ति जताई थी। वहीं, 15 स्थानों का दूसरा बैच 2021 में जारी किया गया था।







**अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंगः भारत**

भारत ने अरुणाचल प्रदेश में कुछ स्थानों के नाम बदलने के चीन के हालिया कदम को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक बयान में कहा, 'हमने ऐसी रिपोर्ट देखी हैं। यह पहली बार नहीं है, जब चीन ने इस तरह का प्रयास किया है। हम इसे सिरे से खारिज करते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। मनगढ़ंत नामों को बताने का प्रयास इस वास्तविकता को नहीं बदलेगा।

### 'पीएम मोदी की चुप्पी का परिणाम भुगत रहा देश': जयराम रमेश

**नई दिल्लीः** अरुणाचल प्रदेश की कई जगहों के नाम रखने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस का कहना है कि चीन को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा क्लीन चिट दे दी गई है। चीन की कार्रवाई पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर भी कांग्रेस ने सवाल खड़े किए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि देश प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चीन को क्लीन चिट दिए जाने का परिणाम भुगत रहा है।

'प्रधानमंत्री ने चीन को दी क्लीन चिट': कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने ट्वीट में लिखा कि 'तीसरी बार चीन ने हिमाकत की है कि वह अरुणाचल प्रदेश में हमारे इलाकों का नामकरण कर रहा है। 21 अप्रैल 2017 को छह जगहों, 30 दिसंबर 2021 को 15 जगहों और तीन अप्रैल 2023 को 11 जगहों के नाम रखे गए। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है और हमेशा रहेगा। गलवान घटना के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जो चीन को क्लीन चिट दी, उसी का परिणाम देश भुगत रहा है।'

## 'बंगाल लंबे समय से हिंसा से पीड़ित'

**हम इस पीड़ा का जल्द खात्मा करेंगे', हुगली के दौरे पर बोले राज्यपाल बोस**

**कोलकाताः पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस हुगली के हिंसाग्रस्त इलाकों के दौरे पर पहुंचे हैं। वहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों से घटना के बारे में जानकारी ली। हुगली के रेलवे स्टेशन के बाहर पथराव हुआ था। राज्यपाल स्टेशन भी पहुंचे और वहां पुलिस अधिकारियों से बातचीत की। इससे पहले अपने एक बयान में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि हम काली ताकतों को समाज का सौहार्द बिगाड़ने नहीं देंगे। हम उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। लोगों को शांति से जीने का अधिकार है और इस अधिकार की किसी भी कीमत पर रक्षा की जाएगी। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने हुगली में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि 'कानूनी एजेंसियों द्वारा इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। हम शरारती तत्वों को कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं देंगे।





### कश्मीरः आतंकी संगठन के निशाने पर संघ के नेता

**जम्मूः** कश्मीर घाटी में आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने आरएसएस नेताओं को धमकी दी है। आतंकी गुट ने तीस नेताओं की एक सूची जारी की है। इसमें नेताओं के नाम, पद और जगह बताई गई है। बता दें हाल ही में केंद्र सरकार ने द रेजिस्टेंस फ्रंट को चार अन्य संगठनों के साथ आतंकी सूची में शामिल किया है। यह गुट वर्ष 2019 में अस्तित्व में आया। टीआरएफ आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सहयोगी है, जो कि जम्मू-कश्मीर के सुरक्षा बल के जवानों।

## सीएम गहलोत और पूर्व सीएम राजे कोराना संक्रमित



**जयपुरः राजस्थान** के मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री दोनों ही कोरोना संक्रमित हो गए हैं। सीएम अशोक गहलोत और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने ट्वीट कर अपने कोविड पॉजिटिव होने की जानकारी दी। मंगलवार को सीएम गहलोत ने ट्वीट कर लिखा- पिछले कुछ दिनों में देशभर में कोविड के मामले बढ़े हैं। मैं स्वयं भी हल्के लक्षणों के साथ कोविड से संक्रमित हो गया हूं। डॉक्टरों की सलाह के अनुसार अगले कुछ दिन निवास से ही कार्य जारी रखूंगा। आप सब सावधानी बरतें और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें। पिछले कुछ दिनों में देशभर में कोविड के मामले बढ़े हैं। मैं स्वयं भी हल्के लक्षणों के साथ कोविड से संक्रमित हो गया हूं। डॉक्टरों की सलाह के अनुसार अगले कुछ दिन निवास से ही कार्य जारी रखूंगा। आप सब सावधानी बरतें एवं कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें। वहीं, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने ट्वीट कर लिखा- कोविड की जांच में मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। चिकित्सकों की सलाह पर मैं पूर्ण रूप से आइसोलेशन में हूं। जो लोग मेरे संपर्क में रहे, वे अपनी जांच करवाएं और सावधानी बरतें। बतादें कि सीएम अशोक गहलोत की तबीयत सुबह से ही खराब थी, जिसके बाद उन्होंने अमृतसर जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया था। आने वाले कुछ दिन तक सीएम अपने निवास से ही सरकारी काम काज करेंगे और वीडियो कांफ्रेस के जरिए विभागी बैठकों में शामिल होंगे।

**सियासी गलियारों में बढ़ी चिंताः** सीएम गहलोत और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के कोरोना पॉजिटिव होने से सियासी गलियारों में चिताएं बढ़ गई हैं। दोनों के समर्थक और शुभचिंतक जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रहे हैं। गहलोत और राजे दोनों राजनेता और पब्लिक फिगर हैं।

## सिक्किम के नाथू ला में भारी हिमस्खलन

**गंगटोकः** सिक्किम नाथू ला में भारी हिमस्खलन की खबर आ रही है। इस दौरान 11 पर्यटकों की मौत की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा 11 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। कई पर्यटकों के फंसे होने की आशंका भी बताई जा रही है। बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, हिमस्खलन मंगलवार दोपहर में करीब 12.20 बजे हुआ। इससे घायल हुए छह लोगों ने नजदीकी सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। इनमें चार पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल है। घायलों को इलाज के लिए गंगटोक के एसटीएनएम अस्पताल और सेंट्रल रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिक्किम नाथुला सीमा क्षेत्र में बड़े हिमस्खलन से छह पर्यटकों की मौत होने और 11 लोगों के घायल होने की खबर है।



**योगी सरकार का आदेश; नया आयोग ही कराएगा टीईटी की परीक्षा**

## यूपी में एक ही आयोग कराएगा शिक्षक भर्ती

**लखनऊः योगी सरकार** ने शिक्षक भर्ती को लेकर मंगलवार को बड़ा फैसला लिया है। शिक्षा विभाग की बैठक में तय हुआ है कि यूपी में शिक्षा सेवा चयन आयोग का गठन होगा। मदरसे समेत सभी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति यही आयोग करेगा। यही नहीं, टीईटी की परीक्षा भी यही आयोग करवाएगा। अभी की बात करें तो प्रदेश में बेसिक, माध्यमिक, उच्च और प्राविधिक शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के चयन के लिए अलग-अलग प्राधिकारी, बोर्ड और आयोग गठित हैं। अभी तक परीक्षा नियामक प्राधिकारी, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग और उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के अलावा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के जरिए शिक्षकों की भर्ती हो रही थी। लेकिन अब शिक्षा सेवा चयन आयोग ही शिक्षकों की भर्ती होगी।



**आयोग के सदस्यों में रिटायर्ड सीनियर जज भी होंगेः** नए आयोग में यूनिवर्सिटी के कुलपति जैसे पद या भारतीय प्रशासनिक सेवा का लंबा अनुभव रखने वाले को अध्यक्ष बनाया जाएगा। आयोग के सदस्यों में रिटायर्ड सीनियर जज और अनुभवी शिक्षाविद की नियुक्ति की जाएगी। आयोग में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और अल्पसंख्यक वर्ग का भी प्रतिनिधित्व रखा जाएगा।

राजकीय महाविद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, संस्कृत महाविद्यालय और अल्पसंख्यक महाविद्यालय, एडेड पॉलिटेक्निक कॉलेज और अशासकीय सहायता प्राप्त मदरसों में एकीकृत शिक्षा चयन आयोग के जरिए ही भर्ती होगी।

## विश्व बैंक ने भारत की जीडीपी अनुमान को घटाया

**नई दिल्लीः** विश्व बैंक ने मंगलवार को अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2024 में खपत में नरमी के कारण भारत की जीडीपी कम होकर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। बता दें कि पहले देश की जीडीपी 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। विश्व बैंक ने अपने इंडिया डेवलपमेंट अपडेट में कहा है कि खपत में धीमी वृद्धि और चुनौतीपूर्ण बाहरी परिस्थितियों के कारण विकास दर के बाधित होने की आशंका है। रिपोर्ट में कहा गया है, "कर्ज महंगा होने और आय में धीमी वृद्धि से निजी उपभोग की वृद्धि पर असर पड़ेगा। वहीं, महामारी से संबंधित राजकोषीय समर्थन उपायों को वापस लेने के कारण सरकारी खपत में भी धीमी वृद्धि का अनुमान है।" रिपोर्ट में चालू खाते का घाटा वित्त वर्ष 24 में कम होकर 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है, जो बीते वित्त वर्ष में तीन प्रतिशत था। मुद्रास्फीति पर विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह घटकर 5.2 प्रतिशत रह जाएगी, जो हाल ही में खत्म हुए बीते वित्त वर्ष में 6.6 प्रतिशत थी।




## मोदी ने कभी बदला नहीं लियाः आजाद

**पीएम राजनेता जैसा बर्ताव करते रहे, 370 खत्म हुई तो विपक्ष के धरने में नहीं आए जयराम**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस से बगावत कर नई पार्टी बनाने वाले गुलाम नबी आजाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। इसके अलावा आजाद ने जयराम रमेश और सलमान खुर्शीद जैसे कांग्रेस के सीनियर नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बुधवार को गुलाम नबी की ऑटोबायोग्राफी 'आजाद' लॉन्च होने वाली है। कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कर्ण सिंह इसकी लॉन्चिंग करेंगे। बुक लॉन्च से पहले आजाद का बयान आया है।

**मोदी ने बदले की भावना से काम नहीं कियाः** आजाद ने मंगलवार को कहा- मैंने प्रधानमंत्री के साथ जो किया, और उन्होंने जो व्यवहार मेरे साथ किया। इसका मोदी को श्रेय देना चाहिए। वह बहुत उदार हैं। विपक्ष के नेता के तौर पर मैंने उन्हें किसी भी मुद्दे पर नहीं बख्शा, चाहे वह धारा 370 हो, सीएए हो या फिर हिजाब का मुद्दा। इसके बावजूद मोदी ने कभी बदले की भावना से काम नहीं किया। वो हमेशा एक नर्म दिल वाले राजनेता की तरह पेश आए।



**जयराम रमेश विपक्ष के धरने में शामिल नहीं हुए थेः** आत्मकथा में आजाद ने खुलासा किया है कि गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने का ऐलान किया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया। इसके खिलाफ विपक्ष के नेताओं ने धरना दिया। इसमें कांग्रेस के मीडिया इंचार्ज जयराम रमेश नहीं आए। तब वो राज्यसभा में पार्टी के चीफ व्हिप थे। किताब के 251वें पेज पर आजाद लिखते हैं- अमित शाह ने जिस वक्त 370 हटाने का ऐलान किया, मैंने अपना ईयर फोन फेंका और विरोध के लिए बेल में जाकर धरने पर बैठ गया। विपक्ष के नेताओं को भी मैंने वहां बुलाया, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि जयराम रमेश अकेले अपनी सीट पर बैठे रहे और धरने में शामिल ही नहीं हुए।

**सलमान खुर्शीद सिर्फ ट्विटर मौजूदगी दर्ज कराते हैंः** सिर्फ जयराम रमेश ही अकेले नहीं हैं जो आजाद की नाराजगी का शिकार हुए हों, इनमें सलमान खुर्शीद भी शामिल हैं। सलमान ने जी-23 में आजाद के रोल पर सवाल उठाए थे।

### कोरोनाः 21 हजार से ज्यादा एक्टिव केस

**नई दिल्लीः देश** में कोरोना के मामलों में एक बार फिर तेजी देखने को मिली है। ये आंकड़े डराने वाले हैं। लगातार तीसरे दिन 24 घंटे के अंदर तीन हजार से ज्यादा संक्रमित मिले हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो सोमवार को कुल एक लाख 64 हजार 740 लोगों की जांच हुई। इनमें 3,038 लोग संक्रमित पाए गए हैं। इसी के साथ देश में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 21 हजार से अधिक हो गई। मतलब अब देश में 21,179 मरीज ऐसे हैं, जिनका इलाज चल रहा है। ये या तो अस्पताल में भर्ती हैं या फिर घर पर रहकर अपना इलाज करा रहे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये आंकड़े मंगलवार को जारी किए हैं।

**मंडियों में नजर आ रहा खराब गेहूं, मंडियों में पहुंच रही गेहूं की फसलों में गुणवत्ता में भारी गिरावट**

## बेमौसम बारिश से रोटी हो सकती है महंगी

नई दिल्लीः देश के उत्तर-मध्य भारत में हुई तेज बारिश का असर इन दिनों उत्तर और मध्य भारत की मंडियों में देखने को मिल रहा है। मंडियों में पहुंच रही गेहूं की फसलों में गुणवत्ता में भारी गिरावट देखी जा रही है। बेमौसम हुई बारिश और ओलों के कारण इन फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इसी कारण की गेहूं की कीमत 1,900 से 2,050 रुपये क्विंटल मिल रही है, जो वित्त वर्ष 2023-24 के लिए तय 2,125 प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी कम है। हालांकि जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में गेहूं की स्थिति थोड़ी सुधरने की उम्मीद है। गेहूं में नमी कम होने पर उसकी बेहतर कीमत मिल सकेगी। जबकि बाजार में इस बार गेहूं निर्मित होने वाले सामाने थोड़े महंगे हो सकते हैं।



रबी की अन्य फसल जैसे चने के बारे में कारोबारियों का कहना है कि बेमौसम हुई बारिश के कारण कुछ फसलों को नुकसान हुआ है। उनकी उपज 10 से 15 फीसदी तक घटी है। इसकी वजह से इसकी कीमत 4,600 से 4,700 रुपये प्रति क्विंटल की जगह पिछले कुछ दिनों से कीमत इसके न्यूनतम समर्थन मूल्य 5,335 रुपये प्रति क्विंटल के करीब पहुंच गई है। फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि अगर कोई किसान ऐसा गेहूं ला रहा है, जो बारिश से प्रभावित नहीं है और वह अच्छी गुणवत्ता का है तो उसकी कीमत मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में आराम से 2,500 से 2,600 रुपये प्रति क्विंटल मिल रही है।

## प्रयागराज को पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करेगी योगी सरकार

**लखनऊः उत्तर प्रदेश** की योगी सरकार काशी, अयोध्या और मथुरा ही नहीं प्रयागराज एवं नैमिषारण्य को भी टूरिज्म के बड़े सेंटर के रूप में विकसित करेगी। केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन स्कीम द्वितीय के तहत इन दोनों स्थलों का चयन अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करने के लिए हुआ है। राज्य सरकार 2025 के महाकुंभ से पहले प्रयागराज में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए कई बड़े काम करने जा रही है। साथ ही नैमिष के कायाकल्प के लिए भी कई योजनाओं को धरातल पर उतारने की कवायद तेजी से चल रही है। इस सम्बंध में त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन भी हस्ताक्षरित कर लिया गया है। र



## खबर संक्षेप

### मकान कब्जे को लेकर दो पक्षों में जमकर चले ईंट पत्थर

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चमनगंज बाजार में मंगलवार की दोपहर एक मकान के कब्जे को लेकर दो पक्षों में जमकर ईंट पत्थर चले इस दौरान लीलापुर रोड पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। चमनगंज लीलापुर रोड पर स्थित एक मकान पर कब्जे को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। मंगलवार की दोपहर कुछ लोग मकान पर जबरन कब्जा करने पहुंचे तो वहां रह रहे लोगों ने पथराव कर दिया जिसके बाद दोनों तरफ से ईट पत्थर लाठी-डंडे चलने लगे। मौके पर दर्जनों अधिवक्ता भी मौजूद थे। ईट पत्थर चलने की वजह राहगीर इधर-उधर भागने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने सरायइनायत थाना क्षेत्र के ककरा दुबावल निवासी उमाकांत मिश्रा, नरेश कुमार पाल, संजय कुमार पाल निवासी कनिहार को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया है।


# पति की प्रताड़ना से विवाहिता ने लगाई फांसी

**सरायइनायत क्षेत्र के चंदौहा गांव निवासी विद्याधर शुक्ला की 27 वर्षीया पुत्री ऋचा शुक्ला का विवाह 30 अप्रैल 2021 को नवाबगंज थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी राहुल मिश्र पुत्र स्वर्गीय महारानीदीन के साथ हुई थी**

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** थाना सराय इनायत क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत चंदौहा गांव में पति द्वारा प्रताड़ित विवाहिता ने मायके में बीती रात पंखे के चुल्ले में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। सूचना पर पहुंची सहसों पुलिस ने उचित कार्यवाही व पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया।

जानकारी के अनुसार चंदौहा गांव निवासी विद्याधर शुक्ला की 27 वर्षीया पुत्री ऋचा शुक्ला का विवाह 30 अप्रैल 2021 को नवाबगंज थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी राहुल मिश्र पुत्र स्वर्गीय महारानीदीन के साथ हुई थी। बीते 28 फरवरी को ऋचा अपने मायके चन्दौहा चली आई। सोमवार की रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने चली गई। सुबह जब ऋचा नहीं जगी तो परिजन कमरे में गए तो देखा कि ऋचा पंखे में दुपट्टा के सहारे लटक रही थी। दृश्य देखकर परिजनो के होश उड़ गए। परिजन चिग्घाड़ मारकर रोने लगे। जोर जोर से रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तथा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सहसों चौकी की पुलिस ने शव को उतारा और कागजी लिखा पढ़ी करते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया। पिता विद्याधर ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि पति राहुल मिश्र ने पैसे के लिए बार-बार दबाव बना रहा था जिससे पति द्वारा प्रताड़ित करने से पुत्री को अपने यहां बुला लाया। परंतु यहां पर भी पति राहुल ने मोबाइल से गाली गलौज देते हुए लगातार पैसे के लिए दबाव बना रहा था। जिसके चलते पुत्री ने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल कर रही है। वहीं ऋचा का 15 माह का मासूम पुत्र का मां के लिए फफक कर रोना सुनकर सभी कीआंखे नम हो गई।



फाइल फोटो मृतिका ऋचा शुक्ला।

### डॉ योगेश पांडेय का मुंबई में हार्ट अटैक से मौत

**जंघई।** मुंबई के कुल्सावाढ़ी कल्याण में निवासरत जलालपुर जंघई के मूल निवासी रामचंद्र पांडेय के छोटे भाई गौरीशंकर पांडेय के पुत्र संजीव पांडेय के दो पुत्र, दो पुत्रियों में सबसे ज्येष्ठ पुत्र डॉ योगेश पांडेय की सोमवार को हार्ट अटैक से आकस्मिक मौत हो गई। परिजनों के अनुसार योगेश अमरावती से बीएचएमएस अंतिम वर्ष की शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। इन दिनों छुट्टी में अपने घर कुल्सावाढ़ी कल्याण आए थे और कल्याण में ही पास के अस्पताल में प्रेक्टिस करने जाते थे। सोमवार को घर पर थे कि अचानक सीने में दर्द उठा तो उसी अस्पताल में गये और गैस की दवा लेकर खा लिया पुनः दर्द उठा तो अंबरनाथ में अपने फूफा के अस्पताल परीक्षण करवाने गये थे रात्रि में करीब 8 बजे डाक्टरों द्वारा योगेश आ ईसीजी किया जा रहा था तभी योगेश को हार्ट अटैक आया और सांसें थम गई। परिजन सुनकर पहुंचे सभी का रो रोकर बुरा हाल हो गया शव का अंतिम संस्कार सोमवार रात्रि में ही विठ्ठलवाढ़ी में कर दिया गया।

## न्यूज झरोखा

### रोडवेज बस कंडक्टर को यात्री ने पीटा, चालक ने बस रोककर लगा दिया जाम



**नैनी।** जेल मंदिर के पास किराये के विवाद में यात्री ने रोडवेज बस कंडक्टर को पीट दिया। इससे नाराज होकर चालक ने बस सड़क के बीच में खड़ी कर जाम लगा दिया। इसकी जानकारी वहां से गुजर रहे अन्य रोडवेज चालकों को हुई तो उन्होंने भी बसें वहीं खड़ी कर दीं और हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस के काफी समझाने पर रोडवेज कर्मी शांत हुए और जाम खुला। सोमवार रात करीब दस बजे रोडवेज बस में एक यात्री मेजा से प्रयागराज आने के लिए बैठा। नैनी जेल मंदिर के पास किराये को लेकर कंडक्टर मनीष कुमार का यात्री से विवाद हो गया। इस पर यात्री ने मनीष को थप्पड़ जड़ दिया। बस के चालक दिलीप ने बस सड़क पर तिरछी खड़ी कर दी और आवागमन अवरुद्ध कर दिया। जब तक पुलिस पहुंचती, यात्री वहां से फरार हो गया। जेल रोड प्रभारी सुमित त्रिपाठी ने बताया कि कंडक्टर ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

### कार्यकताओं ने केक काटकर महासचिव का मनाया जन्मदिन



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने मंगलवार को सहसों स्थिति भाजपा मंडल सहसों के कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्य सभा सांसद तथा राजस्थान के प्रभारी अरुण सिंह का जन्म दिन पर केक कटकर उनके छाया चित्र पर केक खिलाकर जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार अमरनाथ तिवारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष बीरेन्द्र बहादुर सिंह, डब्बू यादव प्रमुख बहादुरपुर, विपेन्द्र सिंह पटेल प्रमुख फूलपुर, गीता सिंह प्रमुख सहसों, मंडल महामंत्री संजय सिंह एवं पवन कुमार शुक्ल तथा चंद्रेश केसरवानी, अमन सिंह राजपूत, जेलर सिंह, राजेश सरोज, संतोष सिंह, महेश सिंह, लवकुश बिंद, सत्यम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### पॉवर प्लांट पुलिया के पास धरे गए चोर, एंप्लीफायर बरामद




**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने तीन शातिर चोरों को एनटीपीसी पुलिया के समीप से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चुराया गया डीजे एंप्लीफायर और चार देशी बम के साथ आलानकब भी बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाने के सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह,प्रवेश कुमार यादव और अश्विनी कुमार वर्मा ने अपनी टीम के साथ एनटीपीसी पुलिया के पास घेराबंदी की और एक बाइक के साथ तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्त में आए चोर विजय पटेल उर्फ छोटू पुत्र बालकरन पटेल (निवासी लेवदा महावीरन, घूरपुर), अर्जुन भारतीया पुत्र रामबाबू भारतीया (ग्राम पवरी, घूरपुर) और पंकज उर्फ पप्पू पुत्र नचकऊ पटेल (निवासी मनकवार, घूरपुर) के कब्जे से द डीजे एंप्लीफायर मशीन, घटना में प्रयुक्त आलानकब, एक बाइक, चार देशी बम बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद पुलिस ने सुसंगत धाराओं में केस दर्ज करते हुए तीनों चोरों का चालान भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में सुखवीर सिंह, दीप कुमार शामिल रहे।

### केक काटकर मनाया अरुण सिंह का जन्मदिन



**झूंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान के प्रभारी सांसद अरुण सिंह का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को केक काट कर मनाया। पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी व युवा नेता माधवेंद्र सिंह उर्फ जेलर के नेतृत्व में सहसो मंडल कार्यालय पर अरुण सिंह का जन्मदिन मनाया गया। अमरनाथ तिवारी के साथ साथ उपस्थित भाजपाइयों ने केक काटकर अरुण सिंह की तस्वीर खिलाया फिर एक दूसरे को केक खिलाकर राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह की दीघार्यु की कामना करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह, अनिल सरोज, संजय सिंह, गौरव सिंह, रजनी सिंह सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

### विधायक को समितियों का सदस्य बनाए जाने पर दी गई बधाई



**कोराव।** भाजपा के कोरांव कार्यालय पर विधानसभा कोरांव के विधायक राजमणि कोल को अनुसूचित जाति अनुसूचित जन जाति तथा विमुक्त जातियों संबंधि समिति का सदस्य सरकार द्वारा मनोनीत किया गया जिस पर पार्टी पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विधायक राजमणि कोल को बधाई दी गयी व आगामी होने वाले भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रम 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक के कार्यक्रम मे कार्यकर्त्ता गण से सफल कार्यक्रम हेतु योजना बनाई गयी। कार्यक्रम मे शिव दत्त पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष व बबुआन द्विवेदी जिला संयोजक संजय सिँह पटेल मण्डल अध्यक्ष नरसिंह केशरी नगर अध्यक्ष रामनवल पटेल भोला सिँह पटेल कमलेश शुक्ला अशोक शुक्ला कमलेशवरी प्रसाद सचिन केशरी आश्वनी जैन घनश्याम सोनी मंजेश केशरी विजय द्विवेदी सुमित पाण्डेय नरेंद्र सिँह सीताराम आदि रहे।

# नए यमुनापुल पर चलती कार में अचानक लग गई आग...

अखंड भारत संदेश

**चालक सीट बेल्ट किसी तरह निकालकर कार से भागा**



**नैनी।** नए यमुनापुल पर चलती कार में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में पूरी कार लपटों से घिर गई। इसी बीच कार चालक भी सीट बेल्ट में फंस गया। किसी तरह वह कार से निकलकर भागा। आग के शोलों के बीच कार में कई धमाके भी हुए, जिससे पुल पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस हादसे के कारण पुल पर करीब आधा घंटा तक आवागमन रुका रहा मूलत कौंधियारा नवगवां का रहने वाला नीरज कुमार मिश्र अल्लापुर में भाई के साथ किराये पर रहता है। नीरज प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। सोमवार रात करीब 9.30 बजे वह अपनी हुंडई कार लेकर कोरांव के लिए निकला। जैसे ही वह नए यमुना पुल के बीच में पहुंचा, कार से धुआं उठने लगा। कार लपटों से घिर गई। नीरज ने कार रोककर उतरना चाहा, लेकिन सीट बेल्ट नहीं खुली। काफी प्रयास के बाद वह कार से बाहर निकल पाया। कार धू-धूकर जलने लगी। इस बीच पुल पर भीषण जाम लग गया। जलती कार में एक के बाद कई धमाके हुए। दमकल की दो गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया। नीरज ने बताया कि उसका पर्स, जिसमें लगभग दो हजार रुपये व कुछ जरूरी कागजात थे, जल गए। कार सीएनजी फिटेड थी।

### आरोपियों को नैनी की पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नैनी।** पुलिस ने थाने में दर्ज मुकदमे के अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया गया। उसने अलग अलग मुकदमे से जुड़े कुल तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के बाद जेल भेजा। प्रभारी निरीक्षक नैनी बृजेश सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक उपेन्द्र कुमार तिवारी ने दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 148/23 धारा 307 व 3/25 से सम्बन्धित आरोपी अबू आरिफ पुत्र स्व0 रईस अहमद निवासी इन्दलपुर नैनी को आज डांडी तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। वहीँ पुलिस तलासी में एक तमंचा व एक खोखा 315 बोर के बरामद हुए है। इसी क्रम में आज उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह यादव 171/ 23 धारा 379 में वांछित चल रहे आरोपी विशाल केशरवानी पुत्र सूर्यभास डेयरी थाना औद्योगिक क्षेत्र को लगातार प्रयास के बाद आज थान क्षेत्र शंकरढाल से गिरफ्तार किये। गिरफ्तार पुलिस टीम का कहना है कि आरोपी को कब्जे से चोरी की हुई मोबाइल भी बरामद करने के बाद आगे की शेष पुलिस कार्यवाही पूरी की गई।इसीक्रम में आज ही दरोगा जनमेजय कुमार को थाना नैनी में दर्ज मुकदमा 646/22 से सम्बन्धित आरोपी सचिन पुत्र विश्वनाथ निवासी एलडी 166 एडीए कालोनी नैनी को मदर टेरेसा चौक से पकड़ने में सफलता मिली।

## नहर कालोनी लालतारा में गुणवता विहीन बनाई जा रही बाउंड्री लोगों में आक्रोश

**शिकायत के बावजूद निर्माण में नहीं हो रहा सुधार**

अखण्ड भारत संदेश

**लेडियारी।** विकास खंड मेजा के लालतारा ग्राम पंचायत में सिंचाई बिभाग की कालोनी की बाउंड्री बनाई जा रहीं है। असम के मानक के अनुसार कार्य नही कराया जा रहा है। ठिकेदार के मनमानी के चलते स्वीकृत धन का दुरुपयोग किया जा रहा है । निर्माण में सीमेन्ट, मानक के अनुसार नहीं लगाया जा रहा है। इतना ही नहीं लालतारा के समीप स्थित नदी की बालू मिट्टी युक्त से जुड़ाई का कार्य कराया जा रहा है। सिंचाई बिभाग की कार्यदायी संस्था मनमानी पर आमादा होकर गुणवत्ता तथा मानक विहीन काम करा रही है। मानक के अनुसार सामग्री का इस्तेमाल न किए जाने से स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामवासियों का कहना है कि लगभग बीस वर्षों से सिंचाई बिभाग की कालोनी कंटीले तार लगा कर रखवारी चल रही थी तमाम प्रयासों के बाद सरकार के निर्देश पर सिंचाई विभाग द्वारा उक्त कालोनी के बांउन्ड्री तथा चाहादीवारी को बनाई जा रही है। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि हाथ लगाते ही बालू सीमेंट गिरने लगता है ` इससे मालूम होता है कि ठीकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया कार्य कराकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जांच करा कर नम्बर वन की बालू एवं मटेरियल लगाने का निर्देश दिया जाय ठीकेदार द्वारा मनमाने तरीके नदी की मिट्टी युक्त बालू का उपयोग किया गया होगा और कराया जा रहा हो तो भुगतान पर रोक लगाते हुए कार्यवाही करने की मांग क्षेत्रीय लोगों ने की है।

# श्रीमद्भागवत कथा अमृत पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है : सुश्री प्रज्ञा देवी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** उर्मिला कुंज राचनपुर, बघेड़ी गांव में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास सुश्री प्रज्ञा देवी श्री धाम वृंदावन ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया।कथा व्यास ने कृष्ण जन्म कथा के बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गो प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, माखन चोरी गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का कथा के दौरान वर्णन किया। कंस का आमंत्रण मिलने के बाद भगवान श्री कृष्ण बड़े भाई बलराम जी के साथ मथुरा को प्रस्थान करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा बीच-बीच में सुनाए गए भजन पर श्रोता भाव विभोर हो गए।कथा व्यास ने बताया कि भागवत कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है कलयुग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में मानस पुण्य तो सिद्ध होते हैं परंतु मानस पाप नहीं होते। कलयुग में हरी नाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है कलयुग में ईश्वर का नाम ही काफी है सच्चे हृदय से हरि नाम के सुमिरन मात्र से कल्याण संभव है।कार्यक्रम आयोजक सज्जन शुक्ल शिक्षक, समाजसेवी, बिंदु शुक्ल, संजय शुक्ल, शिवम शुक्ल, अमन शुक्ल, अंश शुक्ल, अनुभव शुक्ल, अनुराग शुक्ल ने आगंतुकों का स्वागत अभिनंदन किया एवं आरती प्रसाद वितरण करवाया।इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ राकेश धर त्रिपाठी, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडेय, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रमोद त्रिपाठी बुलबुल, मुख्य आचार्य पंडित सुरेश दुबे, भजन गायिका प्रियंका भजन गायक पवन प्रीत, अनुराग तिवारी, अजय, गंगा प्रसाद मिश्र, हृदय नारायण मिश्रा, मिस्टर मिश्रा, रमेश तिवारी, गोपाल पांडेय, संतोष पांडेय मनीष शुक्ल, तीर्थराज दुबे, बट्टर पांडेय, राजकुमार शुक्ल, आजाद तिवारी, कलेक्टर शुक्ला, अशोक मिश्रा, राजकुमार दुबे, छबीले नाथ पांडेय, राधेश्याम पांडेय, हरिओम पांडेय, इंद्रमणि पांडेय, राममणि पांडेय बृज भूषण पांडेय, भोला नाथ दुबे, जटाशंकर दुबे, अजीत पांडेय, आशीष तिवारी, अखिलेश पांडेय, राजकुमार दुबे, श्याम शंकर दुबे, सोनू दुबे, अशोक कुमार मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा, उधम यादव, रामनाथ यादव, लालमनि यादव, त्रिवेणी नाथ यादव, शिवपूजन गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## शूआट्स इंटर हाउस प्रतियोगिता मे ब्लू हाउस चैंपियन बनी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** इन्टर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ब्लू हाउस की टीम के प्रदर्शन ने उनके हौसले को सलाम किया। ब्लू हाउस की टीम अपने शानदार प्रदर्शन के बल पर चैंपियन बनी। उसने अपने खिलाडियो के बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बल पर एक विराट स्कोर 15 ओवर के मैच में 143रन 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया और विपक्षी टीम रेड हाउस को 110 रन पर ढेर कर दिया। दूसरी तरफ येलो हाउस को प्रतियोगिता में अंक के आधार पर तीसरा स्थान प्राप्त हुआ जबकि पिक हाउस को चतुर्थ स्थान मिला। फाइनल मैच रेड हाउस और ब्लू हाउस के बीच संपन्न हुआ जिसमें ब्लू हाउस हाउस ने यह मैच 33 रनों से जीत लिया। ब्लू हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए4 विकेट पर 143 रन बनाए किन्तु रेड हाउस की टीम निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 110 रन ही बना पाई। ब्लू हाउस की तरफ से बिपिन कुमार सिंह ने रेड हाउस के गेंदबाजों के परखच्चे उड़ा दिया । उन्होंने 6 छक्के और 6 चौके की ताबड़ तोड़ पारी में 38 गेंदों की मदद से 65 रन बना दिए , वही ब्लू हाउस के ही बल्लेबाज नंदन ने भी शानदार 60 रनों का योगदान दिया।ब्लू हाउस के गेंद बाज अंकित द्विवेदी ने 19 रन देकर 6 विकेट ले लिया। रेड हाउस की शुरूआत अच्छी नहीं हुई, उनके स्टार बल्लेबाज कप्तान शिवम यादव मात्र 4रन बनाकर जल्दी आउट हो गए।। रेड हाउस के दीपांकर राही ने 29 रन और प्रवीण राय ने 19 रन एवं रेड्डी ने भी 19 रनों का योगदान किया। रेड हाउस की तरफ से उनके गेंदबाज मिलिंद ने 31रन देकर ने 2 और शिवम यादव ने 23रन देकर 1 विकेट चटकाएं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ऐथलेटिक्स कमेटी की कोर कमेटी की सदस्य एवं इलाहाबाद स्कूल ऑफ एजुकेशन की हेड डाक्टर शामला एस. मसीह थी। उनका स्वागत अजय कुमार ने गमले का पौधा देकर किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी हाउस के खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन पर बंधाई दी और खिलाड़ियों को फिटनेस पर टिप्स भी दिया। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीम को शील्ड प्रदान किया। मैच के दौरान अजय कुमार, आशीष मैसी, अशोक सिंह, डाक्टर दीप्ती जोशी, डाक्टर गौरव यादव, तनवीर अहमद और छात्र छात्राएं उपस्थित थे। बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट-शिवम कुमार यादव रहे उदीयमान खिलाडी का पुरूस्कार-अंकित द्विवेदी व पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए बिपिन कुमार सिंह को विशेष पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। फाइनल मैच के आकर्षण उनके अंपायर थे। जिन्होंने पूरे टूनार्मेंट में सभी मैचों का शानदार संचालन किया मैच के अंपायर श्री राकेश साहू और डॉक्टर अचिंत टेरेंस थे और स्कोरर सिबिन थे। यह जानकारी क्रिकेट इंचार्ज राकेश साहू ने दी।




# ओलावृष्टि से किसान चिंतित, नहीं कटेगी गेहूं की फसल

**राजस्व टीम का करते रहे किसान इन्तजार अब हो रहे हैं मायूस**





अखण्ड भारत संदेश

**लेडियारी।** कोरांव तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत खिवली के किसान ओलावृष्टि से प्रभावित कामता प्रसाद पांडे एवं गया प्रसाद पांडे राजस्व जांच टीम का आज तक करते रहे इंतजार गेहूं की फसल आज तक खेत में दिखाई दे रही है आज तक पशुओं को चरने नही दे रहे हैं। इन काश्तकारों का कहना है गेहूं तो खेत में झर गया है पशुओं के लिए भूसे की आवश्यकता के कारण लेबरों से कटवाना पड़ेगा इस में रिपर नही चल पाएगा दोहरे मार का शिकार हो रहे हैं। गांव के किसानों का कहना है हम लोग खेती पर निर्भर है बैंकों से किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा रकम ले चुके हैं अब हम लोग कहा से जमा कर पाएंगे जिला अधिकारी का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए ओलावृष्टि से प्रभावित खिवली डीही खुर्द देवरी पथरपुर कोलसरा अरुआरी देवींवांध सेमरी पवांरी आदि प्रभावित गांवों के किसानों को मुआवजा एवं के सी सी माफ कराने का सहयोग प्राप्त करने की मांग क्षेत्रीय लोगों ने की है।

### रिहायशी मकान ढहाने में एसएचओ पर मिलीभगत के आरोप पर डीएम व एसपी से हाईकोर्ट ने मांगी जानकारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एसएचओ तरकुलवा, जिला देवरिया की विधि विरुद्ध गतिविधियों एवं क्रियाकलाप की जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक देवरिया से जानकारी मांगी है। याचिका की अगली सुनवाई 19 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार तथा न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार की खंडपीठ ने बघराघा महुआरी गांव के निवासी कृष्ण विहारी राय की याचिका पर दिया है।याची की ओर से कहा गया कि विपक्षियों ने याची के मकान पर उत्पात कर धमका रहे थे।जिसकी शिकायत थाना दिवस पर की गई। 15 जनवरी 23 को विपक्षियों ने विवाद किया और एसएचओ दिनेश कुमार मिश्र ने विपक्षियों की मिली भगत से याची के बेटे रूपेंद्र राय को शांतिभंग के अंदेशे में गिरफ्तार कर लिया। जब कि विपक्षियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।दूसरे दिन श्यामदेव राय सहित 13 विपक्षियों ने याची के निवास भवन को ध्वस्त कर दिया और संपत्ति लूट ली। जिसकी शिकायत याची ने एसएचओ सहित एसपी व गृह सचिव को की। एसएचओ पर विपक्षियों की मिलीभगत से अवैध कार्य करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने पर हाईकोर्ट की शरण ली है।

## चोरों ने तीन विद्यालयों को बनाया निशाना

# सिलेंडर वर्तन व खेलकूद का सामान किया चोरों ने किया पार

अखंड भारत संदेश

**करछना।** अंतर्गत धरवारा डाभी गांव में स्थित दो विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चोरों ने तीनों विद्यालय से तीन गैस सिलेंडर, 55 थाली, 40 प्लेट, अन्य बर्तन, गैस सिलेंडर, चूल्हा एवम अनाज उठा ले गए। महावीर जयंती की वजह से स्कूल बंद होने के कारण कोई ध्यान नहीं दिया। दोपहर में उधर से गुजरे ग्रामीणों ने विद्यालय के गेट का ताला टूटा देख तो उन्हें शक हुआ। तब जानकारी हुई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।यमुनानगर के करछना कोतवाली अंतर्गत धरवारा डाभी गांव के बाहर प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवम् आंगनबाड़ी केंद्र अगल बगल ही स्थित है। प्राथमिक विद्यालय की हेड विभा द्विवेदी है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रधनाचार्य शैलजा सक्सेना है। आंगनबाड़ी केंद्र में विभा कार्यकत्री है। सोमवार को स्कूल खुला था, तब वहा सब ठीक था। शाम को तीनों विद्यालय बंद हो गये। रात में चोरों ने तीनों विद्यालय के गेट के ताले तोड़ दिए। अंदर कमरों और रसोईघर के भी ताले तोड़ दिए गए।चोरों ने प्राथमिक विद्यालय से 20 थाली, 15 प्लेट, भरा गैस सिलेंडर, चूल्हा, भगोना, कड़ाही व अन्य बर्तन, रजिस्टर, खेल कूद के सामान उड़ा दिए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कमरों का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, चूल्हा, सीलिंग फैन, खेलकूद का सामना, बच्चों की खाने की 35 थाली, भगोना व अन्य बर्तन, रजिस्टर समेत अन्य जरूरी सामान समेट ले गए। इसी तरह आंगनबाड़ी केंद्र से बच्चों के खेल कूद का सामान, रजिस्टर, खाद्य सामग्री व अन्य सामान चोर उठा ले गए। दोपहर में उधर से गुजरे प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की और वापस लौट गई। इंस्पेक्टर करछना विश्वजीत सिंह ने बताया कि विद्यालय में चोरी की सूचना मिली है। पुलिस टीम ने मौके पर जाकर मुआयना किया है। दोनों विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र से तहरीर मिल गई है। जांच की जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### वकीलों के हड़ताल के कारण टली सुनवाई

**प्रयागराज।** अतीक अहमद के नाबालिक बच्चो के कस्टडी केस में वकीलों के हड़ताल के कारण सुनवाई टल गई। अब अगली तारीख में सुनवाई होगी। अशरफ की बहन ने बच्चों की कस्टडी मांगी थी। दोषी करार होने के कारण अब नए कस्तोडीयल पर विचार होगा। अशरफ की पत्नी द्वारा कस्टडी याचिका पेश हो सकती है। तीन बजे अगली तारीख की घोषणा होगी।

### रोजा इफ्तार में जुटी भीड़

**प्रयागराज।** फूलपुर में खाकसार कल्याण सेवा समिति की ओर से मणिपुर में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। रोजा इफ्तार खाकसार कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष शहीद अहमद व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी भाजपा नेत्री कमर जहां की ओर से आयोजित हुआ। इफ्तार में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी को गुलदस्ता और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। क्षेत्र के जलालपुर, मणिपुर, बसगीत, बलीपुर, महुआ कोठी, सराय बंसी, सलेमपुर, सिठौली, सवरा आदि गांव से रोजेदार कार्यक्रम में शामिल हुए। इफ्तार के बाद रोजों की नमाज अदा की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि रमजान माह मिल्लत का संदेश देता है। आपस में सब लोग मिलकर रहें। रमजान का महीना सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। अपील करूंगा कि हिंदू और मुसलमान मिलकर रहें। किसी के उसकाने में ना आएं।

## जेल में अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट मिलने पर गिरी गाज

# तीन जेल अधीक्षक हुए निलंबित शासन की बड़ी कार्यवाई

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की जेलों में अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट दिए जाने के मामले में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए नैनी सेंट्रल जेल समेत बरेली और बांदा के अधीक्षकों को सस्पेंड कर दिया है। इन तीनों जिलों में कुख्यात अपराधी और उनके रिश्तेदारों को नियम ताक पर रखकर सुविधाएं देने का मामला सामने आ रहा था। इन जेलो से अपराधी अपना सिंडिकेट चला रहे थे। जिनमें अधिकारियों और कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आ रही थी। अभी कुछ दिन पहले ही चित्रकूट और बरेली में जेलर समेत कई कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया था वही कुछ को जेल भी भेजा गया था।जेल में चल रहे खेल के मामले में डीआईजी




जेल की जांच रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को सुबह के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में जेल मंत्री व डीजी जेल और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक मीटिंग की थी। जिसमें नैनी सेंट्रल जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह, बांदा जेल के अधीक्षक अविनाश गौतम व बरेली जेल के राजीव शुक्ला को सस्पेंड कर दिया गया। खालिद अजीम उर्फ अशरफ के बरेली जेल में बंद रहने के दौरान ही शूटरों के साथ उसकी मीटिंग की खबरें शासन तक पहुंची थी और जांच के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई थी। वही नैनी सेंट्रल जेल में अतीक अहमद के बेटे अली को हाई सिक्योरिटी बैरक में वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार उसकी बैरक में कूलर आदि की व्यवस्था जेल प्रशासन की मिलीभगत से की गई थी। जिसकी भनक शासन को लग गई थी। बताया जाता है कि साबरमती से लाकर नैनी जेल में अतीक अहमद को दाखिल करने वाले दिन ही डीआईजी जेल एके सिंह जांच के सिलसिले में नैनी जेल पहुंचे थे। बांदा में पूर्वांचल के कुख्यात अपराधी मुख्तार अंसारी को पंजाब से लाकर दाखिल कराया गया है। जिसे सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही थी। जिसे शासन ने गंभीरता से लिया है। बांदा में उसके गुर्गों पर बुलडोजर भी चला कर जमीदोज कर चुकी है।

### करंट की चपेट में आने से प्लम्बर की मौत

**प्रयागराज।** पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र में नवनिर्मित मकान में प्लंबरिंग का काम कर रहे एक युवक करंट की चपेट में आ गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना मंगलवार दोपहर की बताई जा रही है।कौशांबी जिले के चरवा थाना अंतर्गत चौराडीह गांव निवासी राम अभिलाष कौल उत्तर बुलाकी लाल कौल तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके दो बेटी और एक बेटा है। उसकी पत्नी बच्चों के साथ गांव में रहती हैं। वह प्लंबरिंग का काम करता था।इन दिनों प्रयागराज के पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के विष्णुपुरी कॉलोनी में रहने वाले प्रदीप कुमार तिवारी के निमार्णाधीन मकान में प्लम्बरिंग का काम कर रहा था। मंगलवार को जब वह काम कर रहा था, तो घर के समीप से गए बिजली के नंगे तार की चपेट में आ गया। जिससे गंभीर रूप से झुलस गया। वहां काम करने वाले साथी मजदूर अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार वालों को खबर दे दी गई है। परिवार वाले आ गए हैं। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

## सिरसा नगर पंचायत में लगी आग को लेकर संदेह!

**पूर्व प्रत्याशी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की मांग**



**प्रयागराज।** मेजा की सिरसा नगर पंचायत कार्यालय के स्टोर रूम में एक सप्ताह पूर्व हुई आगजनी को लेकर लोगों में संदेह है। उनहें इसके पीछे साािजिश नजर आ रही है। जिसको नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी विपिन कुमार केसरी उर्फ लखन केसरी ने उप जिलाधिकारी मेजा विनोद कुमार पांडेय को ज्ञापन सौंपा। घटना की निष्पक्ष जांच व स्टोर रूम में आगजनी के दौरान रखे हुए सामानों का विवरण समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित कराने की मांग की।लखन केसरी ने बताया कि स्टोर रूम में आगजनी की घटना नहीं हुई है। यह नगर पंचायत के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से घोटालेबाजी करने व गरीब जनता का हक छीनने के उद्देश्य से लगाई गई है। जिसकी निष्पक्षता से जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि इस आगजनी की गहराई से जांच कराई जाए।क्योंकि स्टोर रूम में आगजनी के लिए कोई बिजली का तार खुला एवं जले नहीं पाए गए हैं। इसलिए आगजनी को लेकर सन्देह है। वहीं उपजिलाधिकारी ने भी जांच का आश्वासन देते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई कराने की बात कही है।

# नेहरू युवा केंद्र व खेल मंत्रालय के तत्वाधान में आयोजित हुआ कैच द रेन कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नेहरु युवा केंद्र प्रयागराज युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय के तत्वावधान में कैच द रेन कार्यक्रम के अंतर्गत सोरांव ब्लॉक के बलकरन पुर, बिगहियां, इस्माइलगंज, पाडिला, ताजुद्दीन पुर, नसीरपुर, मटियारा, माधवनगर ग्रामों के युवा मंडलों से सदस्यों को शामिल करते हुए जल सरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन सोरांव में माधवनगर के श्रीमती जानकी देवी बालिका इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में वर्षा जल संरक्षण आधारित क्विज, जल शपथ, रैली, जल संवाद, जल चौपाल, गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय ने वर्तमान में वर्षा जल के केवल 8% ही संरक्षित की जा रही है शेष जल को वातावरण में भाप बनके उड़ जाता है और संचय नहीं किया जा रहा है, इसलिए वर्षा जल संचयन के लिए युवाओं को विभिन्न तकनीकियों का इस्तेमाल करते हुए इस बचत प्रतिशत को बढ़ाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में संदर्भ व्यक्तियों पर्यावरण विद राम बाबू तिवारी , शालिनी तिवारी, उषा सिंह, राम अवध कुशवाहा ने वर्षा जल संरक्षण में युवाओं को आगे आने के लिए उत्साहित




किया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान द्वारा ₹आओ - आओ, जल बचाओ₹ नुक्कड़ प्रस्तुत कर वर्षा जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम संचालन विद्यालय के अध्यापक राम बहादुर ने किया। नमामि गंगे परियोजना की जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने गंगा जल संरक्षण कर भूजल स्तर बढ़ाने हेतु युवाओं का मनोबल बढ़ाया। वर्षा जल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रथम , द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर नव्या पटेल, कलश त्रिपाठी तथा अजय कुमार रहे। विजेताओं को दीवार घड़ी एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जल चौपाल में राम बाबू तिवारी ने वर्षा जल संचयन की विभिन्न तकनीकियों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के अंत में युवाओं द्वारा रैली निकाल कर आस पास के लोगों को भी वर्षा जल संरक्षण हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में सोरांव ब्लॉक के स्वयं सेवकों बबिता, कुसुम, अमन, कुलदीप, सुनीता, राजन, सौरभ तथा ग्राम पंचायत सहायिका वर्तिका, ग्राम प्रधान मनीषा देवी की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में सोराओं ब्लॉक के गंगा दूतों ने भी प्रतिभाग किया।

### महानिबंधक आशीष गर्ग बने मथुरा के जिला जज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक आशीष गर्ग के सफल कार्यकाल के उपरांत मथुरा जनपद का जिला न्यायाधीश बनाये जाने पर उच्च न्यायालय कर्मचारी अधिकारी संघ ने भावभीनी विदाई दी। संघ के महासचिव बृजेश कुमार शुक्ल ने महानिबंधक आशीष गर्ग को सफल जनपद न्यायाधीश की समय समय पर संघ को दिये गए सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक कुमार निरंजन और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, वकार आलम ने उनके योगदान की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। महानिबंधक आशीष गर्ग और निबंधक एनसी पाण्डेय ने संघ द्वारा कर्मचारी हितों के लिए समय समय पर किए गए प्रयास और योगदान के लिए आभार जताया। विजयानन्द द्विवेदी, बृजेश कुमार यादव, भूपेश कुमार गौतम, आकांक्षा पाण्डेय, सिद्धांत साहू, आकांक्षा श्रीवास्तव, राजकुमार मिश्रा, मोहम्मद आलम, सचिन्द्र नाथ, आदिल शमीम, मिठाई लाल सोनकर, अशोक कुमार भास्कर और अखिलेश कुमार और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सचिन्द्र वकील कुशवाहा, श्याम बिहारी आदि प्रमुख थे।

# पंचायत भवन निर्माण को लेकर प्रधान से की गई मारपीट

## शिकायत के बाद भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, प्रधान संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सैदाबाद ब्लाक अनर्गत सुजौला देवनीपुर गांव में पंचायत भवन निर्माण को लेकर दबंगों द्वारा ग्राम प्रधान से मारपीट का मामला सामने आया था। ग्राम प्रधान ने थाने में लूट व मारपीट समेत अन्य संगीन आरोपों मे प्राथना पत्र दिया था, लेकिन पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।कार्रवाई न होने से प्रधान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सतेन्द्र त्रिपाठी व प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष रामबाबू के अगुवाई में दर्जनों प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की। घटना 26 मार्च की है। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई




कार्रवाई नहीं की। वहीं घटना को लेकर प्रधान संघ में आक्रोश है। पीड़ित ग्राम प्रधान का आरोप है की दबंगों ने मारपीट कर हजार रुपये छीन लिए थे। पुलिस की कार्यप्रणाली पर देखते हुए ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष ने कहा अगर कार्रवाई नहीं की गयी तो ब्लाक के सभी ग्राम प्रधान काम बंद कर ब्लाक मे धरना देंगे। जेल भरो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान हादी अंसारी, फलराज, अब्दुल्ला अंसारी, पंकज मिश्रा, श्याम गुप्ता, शोभनाथ मौर्या और रामदिन आदि रहे।

## मऊआइमा में बिना रजिस्ट्रेशन के गांव गांव खुल गए हैं यूट्यूब चैनल, फूंक झाड करने वाले बने हैं कथित सम्पादक

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में इन दिनों बिना रजिस्ट्रेशन के यूट्यूब चैनलों की बाढ आ गई है। प्रधानों और अन्य संभ्रांत नागरिकों के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर धनादोहन करते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कुकुरमुत्तों की भांति बिना रजिस्ट्रेशन के महज धनादोहन करने के लिए यूट्यूब चैनलों की बाढ आ गई है। बताते हैं कि कोटेदारों पर कम तौलने, और ब्लैकिंग करके धनादोहन करते हैं।आरोप है कि ग्राम प्रधानों से धनादोहन करना इनका आम पेशा है। तथा इन दिनों निकाय चुनाव में सक्रिय हो गए हैं। यही नहीं यदि व्हाट्सएप पर किसी शरह की घटनाओं का वीडीओ वायरल होते है वीडीओ को कैप्चर करके यूट्यूब चैनल पर चला कर जनता को गुमराह करने में लगे हैं। कहते हैं कि वह अमुक नामी चैनल के मालिक हैं।बताया जाता है कि नकली बिना रजिस्ट्रेशन के क्षेत्र में चल रहे नकली चैनलों के कथित सम्पादक सुबह बाइक लेकर अंजान अधिकारियों एंव अनभिज्ञ लोगों से इन्टरव्यू लेकर अपनी पीठ स्वंय थप थपा लेते हैं। बताया गया है कि विगत माह फूंक झाड करने वाले युवा बाबा एक तथा कथित यूट्यूब चैन के नकली सम्पादक बन कर एक निजि अस्पताल में प्रसव से पीडिता की मौत पर बिचौलिया बन कर निजि अस्पताल के संचालक से तीस हजार रुपये चुपके ऐंठ लिया। आश्चर्य इस बात पर है कि जब कोई बडी घटना क्षेत्र में घटती है आला अधिकारी आते हैं तो उक्त कथित चैनलों के नकली ऐंक, फर्जी सम्पादक नहीं जाते हैं। अधिकारियों के जाने बाद खबरें बनाने लगते हैं। यही नहीं व्हाट्सएप पर कोई घटनातमक वीडियो लेकर काट छांट कर खबरें देने लगते हैं। इन कक्षा आठ फेल नकली कुकुरमुत्तों की तरह उगे यूट्यूब चैनलों का क्षेत्र केवल मऊआइमा तक सीमित है। इन नकली यूट्यूब चैनलों के रजिस्ट्रेशन की जांच की मांग स्थानीय लोगों ने खुफिया ढंग से शासन प्रशासन से की है।





# हंडिया में गेहूं के खेत में लगी आग कई बीघा फसल जलकर राख

**अखंड भारत संदेश**

**हंडिया प्रयागराज।** हंडिया में गेहूं के खेत में अचानक आग लगने से कई बीघा फसल जलकर राख हो गई। लोगों ने आग लगने की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद मौके से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।हंडिया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 लाल बहादुर शास्त्री आयुर्वेद

**कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने पाया काबू**

मेडिकल कॉलेज के पीछे गेहूं के खेत में मंगलवार को अचानक से आग लगने से कई बीघा फसल जलकर राख हो गई। खेत में आग लगने से लोगों के बीच हड़कंप मच गया, जिसके बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग को बुझाने की पूरी कोशिश की, लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग पर काबू पाने में ग्रामीणों के पसीने छूट गए।ग्रामीणों ने तत्काल आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कई बीघा फसल जलकर राख हो चुकी थी।

## आर टी ओ विभाग की मिलीभगत से चल रही है ओवरलोड गिट्टी और बालू खनन!

### दलाल मध्य रात्रि से सुबह तक इन ट्रकों से करते हैं वसूली

**मऊआइमा।** शिवगढ ओवरब्रिज से लेकर सोरांव, मऊआइमा होते हुए देल्हूपुर तक ओवरलोड गिट्टी और बालू मध्य रात्रि से सुबह तक दलालों की मिलीभगत से पास करायी जा रही है। जिससे लाखों रुपयों का बंटवारा होता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवगढ ओवरब्रिज से आने वाले ओवरलोड गिट्टी, बालू लदे ट्रकों को मध्य रात्रि से लेकर सुबह तक सोरांव, मऊआइमा, देल्हूपुर थानों से पास कराने के लिए कतिपय दलालों की कार पास कराने के लिए धनादोहन करते हैं। बताया गया है कि ओवलोड ट्रकों से दो से तीन हजार रूपयों की वसूली कतिपय दलाल करते हैं। जिनका पेशा दलालों से मिले रकमों को खनन, आर टी ओ, पुलिस विभाग में बंटवारा होता है।बताते हैं कि कतिपय दलालों का यह पेशा काफी दिनों से चल रहा है। दलाल दिनभर सोते हैं मध्य रात्रि के बाद इनका नाजायज कार्य शुरू हो जाता है। बताते हैं कि कतिपय दलालों को अच्छी खासी रकमें प्राप्त होती है। जिससे उनका खर्च चलता है। सूत्रों ने बताया कि यदि कोई ट्रक ओवरलोड दिन में आ जाती है तो उसे दलाल पेट्रोल पंपों और किसी ढाबे, अथवा मरम्मत की दुकान पर खडी करा देते हैं। रात्रि होते ही दलालों का गोरखधंधा शुरू हो जाता है। वसूली का पैसों का दलाल तीन विभागों को पहुंचा देते हैं। बताते हैं कि दलालों की पहुंच खनन, आर टी ओ,पुलिस विभाग में रहती है। बताते हैं कि कैसा भी कार्य हो उक्त दलाल करवा लेते हैं। आरोप है कि दलालों की गुंडागर्दी भी चरम पर रहती है। जब चाहते हैं किसी को पीट देते हैं। जिसका कोई भी चीज खा लेते हैं उसका पैसा न देना आम बात है। यदि किसी दुकानदार ने पैसा मांगा तो उसका पिटना तय है। स्थानीय लोगों ने उक्त दलालों की खुफिया जांच कराने की मांग की है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मीरापुर विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

**(अल्पकालिक निविदा सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मीरापुर विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में 15वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 06/04/2023 से 13/04/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 15/04/2023 को 12 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

**जितेन्द्र त्रिपाठी**
**पंचायत सचिव**
**विकास खण्ड मंझनपुर**
**जनपद कौशाम्बी**

**हीरामनी**
**ग्राम प्रधान ग्रा0पं0 मीरापुर**
**विकास खण्ड मंझनपुर**
**जनपद कौशाम्बी**


# भूमि और उद्योगों का राष्ट्रीयकरण को लेकर भूमिहीनो ने तहसील बारा में किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पूर्वांचल दलित अधिकार मंच (पदम) के संस्थापक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बताया कि ग्राम प्रधान और सचिवों की मिलीभगत से अपात्रों में आवण्टित की जा रही आवास आवंटन की प्रक्रिया की जांच कराकर पात्र व्यक्तियों में ही आवासो का आवंटन सुनिश्चित किया जाय। भूमिहीनो में आवंटित ग्रामसमाज की जमीनों का ग्राम प्रधानों द्वारा बेचे जाने पर रोक लगाया जाय। भूमाफियाओं द्वारा कब्जा की गई ग्रामसमाज की जमीनों को तत्काल मुक्त कराकर अबिलम्ब भूमिहीनो में पट्टा किया जाय। छुआछूत मानना देशद्रोह है और संविधान के अनुच्छेद 17 का उल्लंघन है। जातिवाद आतंकवाद है जातिबंदी कानून अविलंब बनाओ। जाति



उत्पीड़क को आतंकवादी घोषित करो। एससी, एसटी एक्ट को बेसिक स्ट्रक्चर का पार्ट बनाओ। जातिसूचक उपनाम लगाना अपराध घोषित करो। एससी, एसटी एक्ट को बेसिक शिक्षा में शामिल करो। अंतर्विवाह पर कर छूट का कानून अभिलंब बनाओ। भारत की अस्पृश्यता, जाति व जातिवाद को शत प्रतिशत समाप्त करो। हिंदू राष्ट्र के संविधान का प्रारूप तैयार करने वालों के विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करो। अंधविश्वास, पाखंड, कर्मकांड को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं के विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करो। जमीन और उद्योगों का राष्ट्रीयकरण करो। ग्राम समाज की जमीन भूमाफियाओं से मुक्त करा कर भूमिहीनों में अबिलम्ब आवंटित करो आदि 12 सूत्रीय मांगों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, महामहिम राज्यपाल और माननीय मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी बारा श्री असूदन को सौंपा गया।तहसील बारा के अंतर्गत आने वाली ग्रामसभा दौना, पचखरा, छिड़िया, भीटा, सेन्धुआर, बेला मुंडी, कांटी, गड़ैया कला, कूड़ी, गौहानी, जूही, सोनवर्षा, लोहरा, देवरा, बराडीह, चामू, सोनाई, लौटाढ़, मौहरिया, बेलसारा आदि दर्जनों अनुसूचित जाति बाहुल्य बस्तियो से फूलचंद्र, पिन्टू, गुरुदीन, बृजेश, बद्री प्रसाद, रामनरेश, रामबाबू, अशोक कुमार, जितेन्द्र, अजमेर अली, छेदीलाल, ओम प्रकाश, रमा शंकर, गुड्डी, रन्नो, अनीता, लक्ष्मी, शकुन्तला, सुशीला, राजिया, रीता के साथ हजारों की संख्या में भूमिहीन शामिल रहे।

## सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों को पुरुस्कृत करने से बढ़ता है मनोबल : अशोक

**घूरपुर।** सफल और सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को कॉलेज के समूह में पुरुस्कृत करने से कालेज के समस्त छात्रों का आत्म विश्वास बढ़ता है। उक्त बातें क्षेत्र के पूरेखगन गांव स्थित बी एल पब्लिक इंटर मिडियेट कॉलेज में सोमवार के दिन आयोजित परीक्षाफल वितरण समारोह के बतौर मुख्य अतिथि कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख पूर्वी क्षेत्र यूपी के अशोक उपाध्याय ने कॉलेज में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा आस्था को पुरुस्कृत करते हुए कही। आगे कहा कि इस तरह का आयोजन समस्त स्कूल कालेज में किया जाना चाहिए। इससे छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ती है। कॉलेज के संचालक पुष्पराज सिंह ने कॉलेज के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने सफल छात्रों को शुभकामनाए दी।प्रधानाचार्य कृष्ण शंकर तिवारी ने अतिथियों, अभिभावकों को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन शिक्षक पवन कुमार गुप्ता ने किया। शिक्षको में विनय कुमार शर्मा, जगत बहादुर पटेल, इंद्रकांत कुशवाहा, मिथिलेश प्रजापति, बी एल पथिक, राम सजीवन, अर्चना सिंह, रेनू सिंह, आंचल गौड़ आदि शिक्षक सहित भारी संख्या में छात्र और अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह में सभी के लिए भोज की भी व्यवस्था की गई थी। समारोह का शुरुवात सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलित करने के बाद किया गया।



# अधिकारी जन शिकायतों को प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित करें: उप मुख्यमंत्री

## विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ की डिप्टी सीएम ने की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विकास भवन सभागार में विकास कार्यों, जन कल्याणकारी योजनाओं तथा कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा की तथा कहा कि सरकार समाज के अन्तिम व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये प्रयत्नशील है। सभी अधिकारी अपने विभागीय योजनाओं को जन-जन तक पहुॅचाने हेतु व्यापक भ्रमण कर लाभार्थियों को सभी आवश्यक सुविधायें शासन की नीतियों के अनुसार पहुॅचाना सुनिश्चित करें।

उप मुख्यमंत्री ने विकास से सम्बन्धित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शासन की नीतियों के अनुसार विकास परक योजनाओं को पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि पूरी सावधानी बरती जाये कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होने कहा कि जन शिकायतों को प्राथमिकता पर सुना जाये तथा समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित की जाये। उन्होने कहा कि यदि कोई जरूरतमंद उनके पास अपनी शिकायत लेकर आता है अथवा किसी जनप्रतिनिधि के माध्यम से कोई जन शिकायत प्राप्त होती है तो सभी अधिकारी उसे पूरी गम्भीरता से लेते हुये पूरे सम्मान के साथ निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने उद्योग स्थापना की समीक्षा में कहा कि इन्वेस्टर्स समिट के दौरान जनपद प्रतापगढ़ में कुल 116 उद्यमियों द्वारा 16034.20 करोड़ के एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित किये गये है जिन्हें शीघ्र अतिशीघ्र धरातल पर उतारा जाये, उन्होने कहा कि उद्योग स्थापना में यदि किसी उद्यमी को भूमि की उपलब्धता, विद्युत सम्बन्धी समस्या आ रही हो तो उसका प्राथमिकता पर निस्तारण करते हुये उद्योग स्थापित कराये जाये। पेंशन योजना की समीक्षा के दौरान उन्होने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त ग्रामों/वार्डो में कैम्प लगाकर छुटे हुये पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाये। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुये कहा कि पुरानी स्वीकृत 108 परियोजनाओं पर जो भी दिक्कते है उन्हें दुरूस्त करा लिया जाये तथा जनपद में जो भी पुरानी पेयजल परियोजनायें है उन्हें 10 अप्रैल तक चालू करा दिया जाये। गौ-आश्रय स्थल की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रधानों के साथ बैठक कर ग्राम प्रधानों को समय से धनराशि निर्गत की जाये जिससे वे चारा, भूसा आदि की व्यवस्था समय से सुनिश्चित कर सके। छुट्टा जानवरों को गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जो संचालित है इनकी समय-समय पर मानीटरिंग करते रहे। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी से जनपद में संचालित सीएचसी, पीएचसी एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के सम्बन्ध में जानकारी जिस पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सन्तोषजनक जवाब नही दिया गया जिस पर उन्होने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी को कड़ी फटकार लगायी एवं भविष्य में बैठकों में प्रतिभाग करने से पूर्व विभागीय तैयारियों के साथ उपस्थित रहने को कहा। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बैठक में जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा तथा पुलिस अधीक्षक से अपराध नियंत्रण पर की जा रही कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था को और चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण की कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक बाबागंज विनोद सरोज, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पाण्डेय, पूर्व विधायक धीरज ओझा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक।



मांगों को लेकर विरोध जताते न्यायालय के कर्मचारी।

## न्यायालय के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

### मांगें पूरी न होने पर अग्रिम कार्यवाही की तैयारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायालय के कर्मचारियों पर शासन द्वारा हो रही उपेक्षाओं और लम्बित मांगों को लेकर प्रांतीय कार्यकारिणी के आहवान पर जनपद न्यायलय के कर्मचारियों ने मंगलवार को काली पट्टी बांधकर कार्य किया और विरोध जताया। इस दौरान दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र धर द्विवेदी व महामंत्री कमलेष सिंह ने कर्मचारियों से कहा कि यह सांकेतिक विरोध प्रदर्षन प्रक्रिया है। न्यायालय में यदि मांगों पर कार्यवाही नहीं हुई तो प्रांतीय कार्यकारिणी के बैनर तले अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इस विरोध में प्रभारी मुख्य प्रषासनिक अधिकारी हरिगोविन्द सिंह, केन्द्रीय नाजिर छोटेलाल, द्वितीय लिपिक मो0 मिल्लत उल्ला, सुहैल, सुनील पाण्डेय, सूर्य प्रकाष पाण्डेय, अभिनव सिंह, वरुण त्रिपाठी, राहुल शर्मा, दिलीप कुमार रजक, पवन कुमार, अजीत सिंह, पवन मिश्रा, गौतम गिरि, नीलेष मिश्रा, जितेन्द्र मिश्र, विनोद सरोज, मोहित मिश्रा, लवलेष मिश्रा, उर्मिला राणा, सरिता सिंह, कंचन सरोज आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय के उच्चीकरण को लेकर एमएलसी ने सीएम को लिखा पत्र, खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज नगर पंचायत के समीपवर्ती उमापुर वार्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय के उच्चीकृत किये जाने के शिक्षक विधायक की पहल से लोगों मे खुशी देखी जा रही है। प्राथमिक शिक्षक संघ ने भी एमएलसी के प्रयास की सराहना की है। लालगंज विकासखण्ड के उमापुर मे प्राथमिक विद्यालय का संचालन वर्षो से हो रहा है। विद्यालय मे दलित तथा पिछडा वर्ग के साथ अन्य संवर्ग के भी गरीब तबके के छात्रो की संख्या अधिक है। इसे देखते हुए इस विद्यालय को उच्चीकृत किये जाने की कवायद शुरू हुई है। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर विद्यालय को जूनियर हाईस्कूल के रूप में उच्चीकृत किये जाने का अनुरोध किया है।

तीन अप्रैल को मुख्यमंत्री को लिखे गये पत्र में एमएलसी ने स्वयं के भी विद्यालय के पुरातन छात्र होने का उल्लेख करते हुए उच्चकोटि की शिक्षा व्यवस्था को लेकर इस विद्यालय को जूनियर हाईस्कूल के रूप मे उच्चीकृत किये जाने का अनुरोध किया है। साथ ही एमएलसी उमेश ने समीपवर्ती लालगंज नगर एवं अझारा के भी प्राथमिक विद्यालयों को जनहित में उच्चीकृत कराये जाने को लेकर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया है। विधायक की इस पहल की जानकारी होने पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष नवीन शुक्ला, मंत्री संतोष मिश्र, प्रधानाध्यापक प्रभाकर दुबे, चंद्रप्रकाश मिश्र, पंकज मिश्र, ऋषि द्विवेदी, डा. वीरेश सिंह, रंजीत कुमार वर्मा, सचिन पाण्डेय, प्रिया सिंह, सीमा सोनी, विष्णु सिंह, आशुतोष ओझा व उत्कर्ष शुक्ला ने इसे स्वागत योग्य कदम कहा है।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व तोडफोड का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट तथा तोडफोड का केस दर्ज किया है। लालगंज के चकवा कौशिल्यापुर निवासी शिवमोहन पुत्र पयाग ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बीस मार्च को खेत मे बल्ली गाड़ने के विवाद में आरोपियो ने उसे घर मे घुसकर मारापीटा। तहरीर मे पीडित ने कहा है कि आरोपी गांव के हरिश्चंद्र पुत्र सुंदरलाल, लाल बहादुर पुत्र सुंदर, हरिश्चंद्र के पुत्र शुभम व टैज्क्टर चालक अज्ञात खेत मे बल्ली तोडने के विवाद मे उसके साथ गाली गलौज करने लगे। पीडित जान बचाने के लिए घर के अंदर घुस गया तो आरोपी घर के अंदर घुसकर मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर आरोपी घरेलू सामान नष्ट करते हुए जानलेवा धमकी देने लगे। लोगों को इकटठा होते देख आरोपी धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर सोमवार की रात पुलिस ने आरोपी हरिश्चंद्र समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## गाय के जुड़वा बच्चे पैदा होने से ग्रामीणों में कौतूहल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़ /दिलीपपुर।** दिलीपपुर क्षेत्र के कोठियाही गांव के रहने वाले पूर्व प्रधानाध्यापक रमन कुमार दुबे के घर पर उनकी पालतू गाय द्वारा मंगलवार सुबह जुड़वा बच्चे देने पर क्षेत्र के लोगो में कौतूहल व चर्चा का विषय बना हुआ है।

गौपालक ने बताया कि शिक्षक पद से सेवानिवृत्त होने के बाद खाली समय होने के कारण सरकार द्वारा गोसंरक्षण को बढ़ावा देने से प्रेरित होकर मैंने भी गाय पालने का निर्णय लिया। कुछ दिन पहले से यह गाय हमारे घर के पास आती जाती थी घर वाले सुबह शाम चारा पानी दे देते थे जिससे यह मेरे घर के पास ही रहने लगी और मैंने इसे पाल लिया। मंगलवार की सुबह लगभग



गाय द्वारा पैदा किया गया जुड़वा बच्चा।

4 बजे मेरी गाय ने एक बछिया और एक बछड़े को जन्म दिया। दोनो बच्चे लगभग एक जैसे हैं एक साथ दो बच्चे देखकर घर वाले बहुत खुश हैं दोनो बच्चे स्वस्थ हैं घर के लोग इस गाय को कामधेनु का रूप मान रहे हैं और इसकी खूब सेवा करेंगे। इस संबंध में स्थानीय पशु चिकित्सक डॉ अशोक वर्मा से बातचीत पर उन्होंने बताया कि सामान्य तौर पर एक बार मे गाय एक एग ही रिलीज करती है, जिसे स्पर्म डिफ्यूज करता है। जिससे एक बच्चे का जन्म होता है। लेकिन कभी कभी वो एक एग में विखंडन हो जाता है और गर्भ में दो बच्चों का विकास होता है, इस तरह से जुड़वा बच्चे बिल्कुल एक जैसे दिखते है। ऐसा दुर्लभ मामला बहुत कम देखने को मिलता है। जुड़वा बच्चों को लेकर क्षेत्र के लोगो में खासी चर्चा है लोग दूर दराज से इसे देखने पहुंच रहे हैं।

## संगीतमयी सुंदरकाण्ड से सरस्वती शिशु मंदिर का हुआ शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शैक्षिक सत्र 2023-24 का शुभारंभ विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला पूर्वी प्रतापगढ़ का शुभारंभ आज संगीतमय सुंदर काण्ड के पाठ के साथ हुआ। प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष नीरज तिवारी ने सपत्नीक पूजन कर सुंदर काण्ड का प्रारंभ कराया। प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पांडेय ने भैया बहिनों की प्रवेश द्वार पर आरती उतारी आचार्य बंधुओं एवम दीदियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सुंदर काण्ड के उपरांत आरती एवम हवन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। अंत में प्रधानाचार्य द्वारा भैया बहिनों को 5 अप्रैल से विधिवत कक्षा शिक्षण की सूचना के साथ भैया बहिनों से अपने पाठ्य पुस्तकों अभ्यास पुस्तिकाओं की पूर्णता नित्य विद्यालय में उपस्थिति मई माह में होने वाली प्रथम मासिक परीक्षा नामांकन नवीन प्रवेश आदि की सूचना देते हुए आज के दिन से ही अपने काम में लगने काम को व्यवस्थित करने प्रथम मासिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले व बलवा का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गोबर की उपली हटाने के विवाद मे सोमवार की शाम खेंमसरी गांव में हुई मारपीट मे पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। खेंमसरी गांव के बंशीलाल के पुत्र राजकुमार वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते सोमवार को रात्रि करीब आठ बजे गोबर की उपली हटाने के विवाद मे विपक्षी लाठी डंडे से लैस होकर उसके दरवाजे आ धमके। विपक्षी गाली देने लगे तो पीडित व उसके परिवार के सदस्यों ने मना किया। इस पर विपक्षी गांव के राधेश्याम पुत्र रामदुलार, रोशन वर्मा पुत्र श्यामलाल, श्यामलाल की पत्नी आशा, राजनाथ के पुत्र मोनू, छोटेलाल के पुत्र सतीश तथा राधेश्याम की पत्नी ने लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट मे पीडित के भाई राजकुमार तथा उसके पिता व मां को गंभीर चोटें आ गयी। कोतवाली के समीप खेंमसरी गांव में मारपीट की सूचना मिलते ही कोतवाल कमलेश पाल भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने पर घटना नियंत्रित हो सकी। मारपीट की घटना मे घायलों को पुलिस सुरक्षा में नगर के ट्रामा सेण्टर इलाज के लिए लाया गया। यहां घायलों का उपचार जारी बताया जाता है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने राधेश्याम समेत आधा दर्जन के खिलाफ बलवा समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

## नशे की गिरफ्त में आया पति कर रहा पत्नी को परेशान

**अखंड भारत संदेश**


**पट्टी, प्रतापगढ़।** शादी के बाद नशे की गिरफ्त में आया पति अब पत्नी को प्रताड़ित कर रहा है। पीड़ित पत्नी ने इस संबंध में आसपुर देवसरा थाने में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गौहानी गांव की रहने वाली रागनी पत्नी ब्रह्मदेव ने बताया कि शादी के बाद ससुराली जन उसे प्रताड़ित करने लगे बाद में उसे और उसके पति को घर वालों ने अलग कर दिया अलग होने के बाद उसका पति नशा करने लगा और मारने पीटने लगा। दोनों के संसर्ग से एक पुत्री का जन्म हुआ जिसके बाद उसका पति उसे और भी प्रताड़ित करने लगा। दो दिन पहले उसने उसकी बेटी को छत से नीचे फेंक दिया इन सब प्रताड़ना से आजिज आकर रागनी ने आसपुर देवसरा थाने में शिकायत पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## प्रिंट रेट निर्धारित होने के बाद अंग्रेजी व देशी शराब के लिए वसूला जा रहा अतिरिक्त चार्ज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मदिरा के शौकीन लोगों के लिए पट्टी क्षेत्र के मदिरालयो में उनसे अतिरिक्त चार्ज किया जा रहा है। कुछ दिन पहले इस संबंध में आबकारी विभाग ने सभी दुकानों में सभी शराब के दामों का रेट चस्पा करने का आदेश दिया उसके बावजूद भी दुकानदार अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

पट्टी तहसील क्षेत्र तथा पट्टी नगर में कई शराब की दुकान है जहां पर अंग्रेजी बियर की दुकान तथा देसी शराब के ठेके हैं। दो दिन पहले प्रिंट रेट से अधिक शराब बेचे जाने की शिकायत पर आबाकारी विभाग के अधिकारी शराब की दुकानों पर प्रिंट रेट चिपकाने का आदेश दिया था लेकिन उसके बावजूद भी मदिरा के शौकीन लोगों से जबरन 10 या 15 रुपये अधिक वसूल किया जा रहा है। पट्टी क्षेत्र के रहने वाले हरकेश यादव अशोक सीताराम राजेश सिंह कमलेश सरोज भुआल हरिजन जीतू लहुरी बजरंगी आदि सभी लोगों का कहना है कि प्रिंट रेट से अधिक पैसा उन्हें शराब के लिए चुकाना पड़ता है जब उनसे प्रिंट रेट की बात कही जाती है तो शराब की बोतल देने से इनकार कर देते हैं। जहां पट्टी क्षेत्र में प्रिंट रेट से अधिक 10 या 20 रुपये वसूले जा रहे हैं वही पड़ोसी जिलों के सीमावर्ती बाजारों में शराब पीने वाले वहां से निर्धारित प्रिंट रेट पर शराब ले रहे हैं। ढकवा राजा बाजार सहित अन्य बाजारों में इसी तरह ग्राहक पहुंच रहे हैं।



सांसद विनोद सोनकर।

## सांसद विनोद सोनकर को प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली बुलाया

**कुंडा, प्रतापगढ़।** कौशाम्बी लोकसभा के सांसद, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, संसदीय आचार समिति लोकसभा के चेयरमैन, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर को बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली बुलाया है। सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि मंगलवार को पीएमओ कार्यालय से फोन आया कि आपको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली बुलाया है। बुधवार को अपरान्ह 11:40 पर सांसद कौशांबी विनोद सोनकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे।

## स्कूल के समीप गडढे की खुदाई को लेकर एसडीएम तल्ख, मांगा जबाब

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर संग्रामगढ विकासखण्ड के पूरे छत्तू गांव मे सरकारी स्कूल के बगल गंगा एक्सप्रेसवे कार्यदायी संस्था द्वारा गडढा खोदने को लेकर एसडीएम ने कार्यदायी संस्था से स्पष्टीकरण तलब किया है। स्पष्टीकरण तलब होते ही हालांकि एक्सप्रेसवे की कार्यदायी संस्था ने खुदवाए गडढे को सोमवार की रात पाटने मे भी जुट गयी। एसडीएम उदयभान सिंह स्कूल के बगल गडढे के समतलीकरण को लेकर मंगलवार को भी गांव पहुंचे। एसडीएम ने कार्यदायी संस्था को यथाशीघ्र गडढे को पाटे जाने की प्रक्रिया पूर्ण करने की हिदायत भी दी। हालांकि ग्रामीणों की मानें तो मानक के विपरीत नौनिहालों की जान को जोखिम मे डालने के लिए जिस तरह से स्कूल के बगल गडढे की खुदाई की गयी है, दोषियो पर कार्रवाई भी होनी चाहिये। वहीं एसडीएम उदयभान सिंह ने कार्यदायी संस्था को स्पष्टीकरण के जरिए आगाह किया है कि यदि गडढे को पूरी तरह से समतल नही किया गया तो कार्यवाही के लिए डीएम को संस्तुति की जाएगी। बतादें पूरे छत्तू गांव में गंगा एक्सप्रेसवे पर मिटटी डालने के लिए कार्यदायी संस्था ने गांव के प्राथमिक विद्यालय के बगल गहरा गडढा खोद दिया था। इसे लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत दर्ज करायी। वही ग्रामीणो की शिकायत पर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने भी डीएम को पत्र लिखकर एक्सप्रेसवे की कार्यदायी संस्था के इस कार्य पर नाराजगी जताई थी और विधायक ने दोषियो के खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया है।

## ईट भट्ठे के संचालन पर रोक का निर्देश, हडकंप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मानक के विपरीत ईट भटठे के संचालन को लेकर एसडीएम ने कोतवाली पुलिस को इसे प्रतिबंधित किये जाने के निर्देश दिये है। लालगंज कोतवाली के अमावां गांव मे संचालित हो रहे एक ईट भटठे के मानक के विपरीत संचालन को लेकर सीआरओ के यहां शिकायत दर्ज करायी गयी है। इस पर एसडीएम ने तहसीलदार को जांच के निर्देश दिये थे। तहसीलदार की जांच आख्या मिलने के बाद इक्तीस मार्च को एसडीएम उदयभान सिंह ने सीआरओ को भेजी गयी आख्या मे ईट भटठे के संचालन में छिटपुट आम महुआ के पेड अवस्थित होने तथा एक पेट्रोल पम्प से भी नजदीकी दूरी का हवाला दिया है। वहीं ईट भटठे के संचालन मे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनापत्ति प्रमाण पत्र भी न होने की बात कही गयी है। एसडीएम ने आख्या मे कहा है कि लालगंज पुलिस को नियम के विपरीत इस ईट भटठे के संचालन को रोके जाने के निर्देश दिये गये है।

## ठनेपुर गोपापुर गांव में प्रधानमंत्री आवास सूची में धांधली की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ग्राम विकास अधिकारी द्वारा लाभार्थी तथा पात्र लोगों का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना से काटे जाने तथा अपात्र लोगों का नाम सूची में शामिल करने से लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री सहित जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले में उनका नाम आवास सूची में शामिल कराने की मांग की है। ग्रामीण कार्यवाही ना होने पर भूख हड़ताल करने की चेतावनी भी दे रहे है।

विकास खंड पट्टी के ठनेपुर गोपापुर गांव रहने वाले श्री राम, रीता प्रजापति संतोषी, संदीप कुमार, राजबली, राजबहादुर, पूनम, सोनी, राधिका, पूजा, रामचंद्र याद,व राजमणि, ममता देवी अंजू आदि ने एक संयुक्त हस्ताक्षरित शिकायती पत्र मुख्यमंत्री, उपजिलाधिकारी पट्टी तथा जिलाधिकारी को दिया है। सभी ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास सूची के तहत उन्हें 2 महीने पहले तक पात्र बताया गया था उनका नाम आवास पात्रता नाम की सूची में शामिल भी था, लेकिन सभी का नाम काट दिया गया और अपात्र लोगों का नाम आवास सूची में शामिल कर लिया जिससे ग्रामीण परेशान हो गए।

कई बार इस संबंध में सक्षम अधिकारियों उप जिलाधिकारी पट्टी को शिकायती पत्र दिया गया ग्राम विकास अधिकारी से इस संबंध में शिकायत भी की गई परंतु ग्रामीणों का नाम पात्रता सूची में स्वीकृत नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर उन्हें उनका नाम पात्रता सूची में शामिल नहीं होता है तो भूख हड़ताल करने पर मजबूर होंगे।

## खबर संक्षेप

### न्यायालय के आदेश पर हरकत में आई पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के जुगराजपुर गांव निवासी शिवाकांत दुबे पुत्र स्वर्गीय हीरालाल ने कौशांबी थाना क्षेत्र के बिरौचा गांव सभा में आराजी संख्या 1680 में 21/12/ 22 समय 10:00 बजे सुबह अपने जमीन पर पिलर खड़ा कर रहे थे तभी दोपहर के समय देव प्रसाद उर्फ दीवान पुत्र रामदत्त मुंशीलाल पुत्र राम दत्त साहब लाल पुत्र राम दत्त अशोक पुत्र मुंशीलाल मनोज पुत्र मुंशीलाल संतोष पुत्र मुंशीलाल शिवा पुत्र संतोष विवेक पुत्र देव प्रसाद मनीष पुत्र दरोगा आनंद मिश्र पुर उर्फ नंदू पुत्र स्वर्गीय संतलाल राकेश मिश्र पुत्र स्वर्गीय हीरामन मिश्र कमलाकांत पुत्र स्वर्गीय राम राज मित्र बाबू साहब पुत्र श्री राम राज मित्र शिव नरेश पुत्र स्वर्गीय श्री प्रशांत भार्गव गोलू पुत्र उमाकांत मिश्र भोला पुत्र माता प्रसाद निवासी गांव जुगराजपुर थाना सराय अकिल श्री श्याम मिश्र पुत्र अज्ञात अज्ञात बच्चा मिश्र पुत्र श्याम मिश्र धर्मेंद्र पुत्र श्याम मिश्रा निवासी गांव कैलाशपुर मजरा बिरौचा उपरहार थाना जनपद कौशांबी सूर्यबली पुत्र जमुना प्रसाद निवासी ग्राम गौरए थाना व जनपद कौशांबी 10 से 12 लोग अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से लैस होकर भुक्तभोगी के ऊपर हमला कर दिया जिससे भुक्तभोगी गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी तरह से अपनी जान बचाया आरोपियों ने प्लाट में निर्मित पिलर को तोड़ डाला और ईट को इधर-उधर फेंक दिया जिस पर भुक्तभोगी ने कौशांबी थाने में तहरीर दी पर कोई सुनाई नहीं हुई तो भुक्तभोगी ने एसपी को शिकायती पत्र दिया फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई भुक्तभोगी ने माननीय न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तो हरकत में आई कौशांबी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 147/ 148/ 149 /504/ 506/ 427/ 323 /380 आईपीसी धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई है।

# शार्ट सर्किट से लगी आग कई बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर खाक

● पूरे वर्ष इंतजाम करने के बाद बदइंतजामी से जूझ रही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर समय से फिर नहीं पहुंची ● पूरे वर्ष व्यवस्था बनाने के नाम पर करोड़ों का बजट खर्च करने वाले विद्युत विभाग के अधिकारियों और अग्निशमन के अधिकारियों की अभी तक नहीं हुई अवस्था में गिरफ्तारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** एक तरफ बिजली विभाग की अव्यवस्था का खामियाजा किसान भुगत रहे हैं दूसरी तरफ फायर ब्रिगेड के अव्यवस्था के चलते समय पर किसानों को मदद नहीं मिल रही है जिससे किसानों के सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है लेकिन पूरे वर्ष इंतजाम करने की बात करने वाले अधिकारी समय पर बदइंतजामी का शिकार हो रहे हैं जिसका खामियाजा किसानों को उठाना पड़ता है लेकिन उसके बाद भी बिजली विभाग और फायर ब्रिगेड के अव्यवस्था को अभी तक जिलाधिकारी ने संज्ञान लेकर दोनों विभाग के अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज करा कर इनकी गिरफ्तारी करा कर इनको जेल नही भेजा है डीएम की मीटिंग में प्रत्येक महीने आल ओके किया जाता था शासन को रिपोर्ट भेज दी जाती थी लेकिन यहां इंतजाम कुछ नहीं होता था आखिर पूरे वर्ष दोनों बिभाग के अधिकारियों ने



खेत की जली फसल का दृश्य

व्यवस्था के नाम पर क्यो मौज मस्ती की है जिससे किसानों की फसलों में शॉर्ट सर्किट से आग लग रही है और उसे बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड का सिस्टम नहीं काम कर रहा है अब तक देखते देखते सैकड़ों किसानों के खेत मे खड़ी फसल में आग लग चुकी है जिसे बुझाने के लिए समय पर फायर बिग्रेड का सिस्टम नहीं पहुंच सका है वही खेत में आग लगने के पीछे भी बिधुत बिभाग के शॉर्ट सर्किट का मामला सामने आता है आखिर गेहूं की खड़ी फसल में ही क्यों बिजली के शॉर्ट सर्किट होती है पूरे वर्ष विद्युत के ढीले तार को बिभाग क्यों नहीं ठीक कर पाता है लेकिन जवाब देंह अधिकारी सामने आने को तैयार नहीं है यह पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो रहा है। जनपद के सिराथू विकासखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामसभा मलाक पिंजरी के चकिया गांव में शार्ट सर्किट से मंगलवार की दोपहर किसानो के खेत में आग लग गई।आग की लपेट में आकर लगभग दस बीघा गेंहू की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। खड़ी फसल में आग लगने की भनक जैसे ही लोगों को लगी सैकड़ों की तादात में लोग लाठी डंडा व बाल्टी में पानी भरकर आग को काबू करने के लिए खेत पर पहुंच गए।

लोगों ने लाठी - डंडा से आग को पीटकर व पानी का छिड़काव कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग का भयंकर रूप लेने से पहले ही लोगों ने आसानी से काबू कर लिया अन्यथा किसानों की सैकड़ो बीघा खड़ी फसल जलकर राख हो गई होती। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे किसान दंपत्ति फसल की हालत देखकर सन्न रह गए।

चकिया निवासी मिश्री लाल पांडेय, उमा महेश पांडेय, लक्ष्मी नरेश पांडेय, यदुवीरपर निवासी त्रिभुवन मिश्र, राम धीरज मिश्र, अवधबिहारी मिश्र, राजनाथ मिश्र, मंगला प्रसाद मिश्र, गेहूं की फसल उगाए हुए थे जिसके ऊपर से हाई वोल्टेज की तार गई है किसी कारण वश तार से चिंगारी उत्पन्न हुई और वह गेहूं के खेत में जाकर गिर गई इसलिए लगभग दस बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसान के द्वारा उगाई गई गेहूं की फसल जलकर राख हो जाने के कारण पीड़ित परिवार के समक्ष परिवार का पेट भरने की एक बड़ी चुनौती आकर खड़ी हो गई है जिससे निपटने के लिए उपरोक्त पीड़ित परिवार शासन की ओर टकटकी लगाए हुए हैं।

# आगजनी की घटना से हुए नुकसान का किसानों को समुचित मुआवजा दिया जाए : अजय सोनी

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने मंगलवार को ग्राम चकिया मजरा मलाक पिंजरी में हुई आगजनी की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। साथ ही पीड़ित किसानों को समुचित मुआवजा दिए जाने की तहसील प्रशासन सिराथू से मांग की है। मंगलवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी को जैसे ही ग्राम चकिया के ग्रामीणों से आगजनी की घटना की सूचना मिली, तत्काल मौके पर पहुंचे और आगजनी की घटना से हुए नुकसान का स्थलीय जायजा लिया और पीड़ित किसानो से मुलाकात की। साथ ही मलाक पिंजरी के लेखपाल से मौके पर से ही फोन पर वार्ता की। वार्ता के दौरान अजय सोनी ने कहा कि जिन जिन किसानों का आगजनी की घटना से नुकसान हुआ है उन उन किसानो को चिन्हित करके उन्हें समुचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। ग्रामीणों से वार्ता के क्रम में अजय सोनी को जानकारी हुई कि विद्युत तारों के आपस में टकराने से निकली चिंगारी के चलते गेहूं की खड़ी फसल में आग लगी है जिसके चलते करीब दस बीघे गेंहू की फसल जलकर राख हो गई है। आगजनी की घटना से चकिया निवासी उमा महेश पांडेय, जगदीश पुर निवासी बबलू मिश्रा, दीपू मिश्रा का गेहूं जलकर नष्ट हुआ है जिसके चलते इन किसानो को भारी आर्थिक क्षति हुई है। अजय सोनी ने तहसील प्रशासन सिराथू से सभी पीड़ित किसानो को सर्वे कराकर समुचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

### जुआं खेलते सात गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्तो मोहित पुत्र मन्नी लाल सरोज निवासी सहजादपुर थाना कोखराज राजकरन यादव पुत्र प्रहलाद मिथलेश पुत्र महिपाल यादव पप्पू यादव पुत्र महिपाल निगण गुलामीपुर थाना सैनी को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 17 हजार 600 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 10 हजार 900 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा तीन अभियुक्तों नीरज कुमरा पुत्र शिवभजन छोट्टन पुत्र झल्लू राजेश कुमार पुत्र देवपति निवासीगण बरसा थाना पश्चिम शरीरा को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 320 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 160 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

# गृहमंत्री के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का जिलाधिकारी व एसपी ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर डीएम एसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया है और उन्होंने मौके पर उपस्थित अधीनस्थों को कड़े दिशा निर्देश दिए हैं गृह मंत्री के आगमन में इसी प्रकार की कमी ना रह जाए इस पर पूरी नजर रखी जा रही है कार्यक्रम स्थल पूरी तरह से सजाया जा रहा है कड़ाधाम थाना अंतर्गत होने वाले कौशाम्बी महोत्सव में वीवीआईपी के आगमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी कौशाम्बी सुजीत कुमार व पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा मंगलवार को कार्यक्रम स्थल व शीतला धाम मन्दिर परिसर का निरीक्षण किया गया साथ ही तैयारियों की समीक्षा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के दौरान डीएम एसपी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



### केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का जनपद आगमन

**कौशाम्बी।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दिनांक 07 अप्रैल 2023 को अपरान्ह 12:40 बजे मॉ शीतलाधाम कड़ा कौशाम्बी पहुॅचेंगे। तत्पश्चात अपरान्ह 12:50 बजे कार्यक्रम स्थल फसइया मैदान, कौशाम्बी पहुॅचेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री अपरान्ह 01:20 बजे से 02:40 बजे तक कौशाम्बी महोत्सव का शुभारम्भ, परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास, लाभार्थी परक योजनाओं में लाभार्थियों को चेक/सामग्री वितरण एवं सांसद खेल स्पर्धा के विजयी प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण-पत्र वितरित करेंगे केन्द्रीय गृहमंत्री अपरान्ह 02:55 बजे आजमगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मां-बेटी के साथ मारपीट करने वाली महिला समेत चार पर एससी एसटी का केस दर्ज



**कौशांबी।** करारी कोतवाली के भइला मखदूमपुर गांव में एक महिला की लिखित जमीन पर गांव के ही कुछ दबंग लोग जबरन उसे काबिज नहीं होने दे रहे थे। जब महिला ने खेत में मेड चढ़ा दिया तो उक्त दबंग उसे भी बिगाड़ डालें। महिला ने जब इसका विरोध किया तो उक्त दबंग लोग माँ और उसकी बेटी को लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने महिला समेत एससी एसटी का चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। भईला मखदूमपुर गांव की मंजू देवी पत्नी राम सुरेश ने बताया कि गांव के ही सड़क किनारे उसका खेत है। महिला ने अपने खेत में माटी का मेड बना रखी है। 25 मार्च को गांव के ही बिमला देवी खेत की मेड बिगाड़ रही थी। जब मंजू ने इसका विरोध किया तो रवि, दीपक , अरुण पुत्र गण रामबहोरी व छेदनी उर्फ बिमला ने मंजू को जाति सूचक शब्द गाली देते हुए लात घूसों से मारने पीटने लगे। जब बीच बचाव करने मंजू की बेटी कोमल आई तो उक्त दबंग उसका भी हाथ पकड़कर दांत काट कर मारने पीटने लगे। शोर गुल सुनकर आस पास के लोगों ने किसी तरह मामला शांत कराया। मंजू ने करारी थाने में शिकायत किया। करारी पुलिस ने मंगलवार को छेदनी उर्फ बिमला, रवि दीपक, अरुण के खिलाफ एससी एसटी समेत संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।



# क्षेत्राधिकारी ने कस्बे क्षेत्र में किया पैदल गस्त

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने और क्षेत्र में अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा थाना संदीपनघाट अंतर्गत कस्बे में फूटमार्च किया गया इस दौरान उन्होंने शराब की दुकानों को चेक किया पैदल भ्रमण के दौरान उन्होंने संदिग्ध लोगों की जांच पड़ताल की और कड़ी हिदायत दी तथा व्यापारी बंधुओ से उन्होंने बातचीत कर सुरक्षा का जायजा लिया तथा सीसीटीवी कैमरा लगाने और सड़क पर अवैध अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की तथा संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग की गई।

### ग्राम पंचायत में घटिया सामग्री से नाली निर्माण कराने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**कौशांबी।** नेवादा बिकास खंड के बिगहरा उस्मान पुर(टिकरा) में ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों में बड़ी धांधली का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। मामले की शिकायत अधिकारियों से हुई कई दिन बीत जाने के बाद जांच के मामले में लीपापोती में जांच अधिकारी लगे है ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर निर्माण कार्यों में मनमानी का आरोप लगाया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने आला अधिकारियों से प्रधान के द्वारा कराये गये निर्माण कार्य पर जांच की मांग की है । आरोप है कि ग्राम प्रधान की ओर से करवाए जा रहे निर्माण कार्यों मे घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। प्रधान द्वारा कराये जा रहे नाली निर्माण जो बालक राम के घर से रामायण प्रसाद दुबे के खेत तक नाली बनाई जा रही है जिसमे घटिया ईट बालू सीमेंट का उपयोग किया जा रहो ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान अपनी इच्छा के अनुसार गांव में सार्वजनिक हित से जुड़े निर्माण कार्यों के स्थान पर व्यक्तिगत कार्य करवा रहे है ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि प्रधान द्वारा पक्के निर्माण कार्यों में सभी काम मानक विहीन कराए जा रहे हैं जिसमे इंटरलॉकिंग ,नाली खडंजा आदि, कार्यों में जमकर धांधली हुई है कानून नियम की धज्जियां उड़ाई गई है अधिकारियों ने यदि जांच कराई तो ग्राम प्रधान की धांधली उजागर होना तय है गांव में जो भी कार्य कराए जा रहे हैं मानक के विपरीत सामग्री का उपयोग करके घटिया निर्माण कराया जा रहा है।

# कार्यभार ग्रहण करने के बाद मातहतों के साथ क्षेत्राधिकारी ने की बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** चायल सर्किल में कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायण में मातहतों के साथ बैठक की है बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संगठित अपराध पूरी तरह से बंद होना चाहिए अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जाए जैसे ही क्षेत्राधिकारी चायल पहुंचे मातहतों ने उनका स्वागत किया है उसके बाद पिपरी थाने में मातहतों के साथ क्षेत्राधिकारी ने बैठक की। सीओ योगेंद्र कृष्ण नारायण ने चार्ज संभालते ही सर्किल के समस्त थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों के साथ बैठक कर विवेचना, निरोधात्मक कार्यवाही, गैंगस्टर एक्ट के वांछित, 14(1) के तहत कार्यवाही, महिला उत्पीड़न संबंधी अपराध आदि की समीक्षा की और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सोनू उर्फ कुलदीप पुत्र मूलचन्द्र निवासी चौहानन का पुरवा मजरा कोरियो थाना सैनी को अटसराय तिराहा के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### 152 वाहनों का पुलिस ने किया ई चालान

कौशाम्बी जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 152 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।



# किसानों को मिले मुफ्त बिजली योजना का लाभ एवं नलकूप किसानों का बकाया बिजली बिल भी हो माफ : अजय सोनी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने निजी नलकूप उपभोक्ता किसानो का बकाया बिजली बिल माफ करने एवं इन किसानो को भी निजी नलकूप के संचालन के लिए मुफ्त बिजली देने की प्रदेश सरकार से मांग की है। ग्राम पड़री ब्लॉक सिराथू में पार्टी के कई कार्यकताओं के साथ बैठक कर अजय सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार के इस फैसले का हम स्वागत करते हैं। आगे कहा कि प्रदेश सरकार से हमारी यह मांग है कि जिन जिन किसानों के निजी नलकूप का विद्युत बिल बकाया है, उन्हे भी मुफ्त बिजली की योजना में शामिल किया जाए। साथ ही उन किसानो का बकाया बिजली बिल प्रदेश सरकार द्वारा माफ किया जाए। आगे कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी किसानो को मुफ्त बिजली योजना का लाभ मिले। सिर्फ चुनिंदा किसानो को ही मुफ्त बिजली योजना के लाभ देने से सरकार की किसानो को मुफ्त बिजली देने की योजना फलीभूत नही होगी और ऐसे किसानो का भारी नुकसान होगा जो गंभीर आर्थिक बदहाली के चलते निजी नलकूप का विद्युत बिल या तो जमा नहीं कर पाए या तो आंशिक रूप से ही जमा कर पाए हैं। अजय सोनी ने बताया कि जल्द ही सभी किसानो को मुफ्त बिजली योजना में समायोजित किए जाने की मांग को लेकर प्रदेश सरकार को समर्थ किसान पार्टी की ओर से ज्ञापन भेजा जाएगा। इस मौके पर वीरेंद्र तिवारी, राजा सिंह यादव, मुन्ना पटेल, अश्विनी तिवारी, राजेश निर्मल आदि लोग मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत, कोहराम

**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के विशुनपुर कालोनी में एक निमार्णाधीन मकान में करंट की चपेट में आने से मंगलवार को एक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया इलाज के दौरान मजदूर की प्रयागराज के अस्पताल में मौत हो गई है मजदूर की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कौशाम्बी जनपद के चरवा थाना के चौराडीह निवासी राम अभिलाष उम्र 35 वर्ष पुत्र बुलाकी लाल कौशाम्बी के ही रहने वाले चंदू का मकान निर्माण कर रहे थे चंदू का मकान पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र स्थित विशुनपुर कालोनी में बन रहा है। रामअभिलाष वहीं काम कर रहा था। मंगलवार को वह काम करते समय करंट की चपेट में आ गया मकान बनवा रहे मालिक चंदू ने गंभीर रूप से झुलसे मजदूर को इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गयी। मृतक के एक पुत्र, तीन पुत्री एवं पत्नी आशा देवी है मजदूर की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी चचेरा भाई धर्मेन्द ने दी है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने धर्म गुरुओं के साथ की बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र में कौशांबी महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है कौशांबी महोत्सव में बीआईपी के आगमन को लेकर प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तैयारी करने में लगा है अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा क्षेत्राधिकारी सिराथू के साथ कौशाम्बी महोत्सव के दृष्टिगत थाना कड़ाधाम क्षेत्र के विभिन्न समुदाय के धर्मगुरूओं सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की है धर्मगुरुओं संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने कौशांबी महोत्सव के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की लोगो से अपील की है बैठक के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया है।

### शातिर अपराधी के घर पुलिस ने डाली आधी दबिश, पहुंचने से पूर्व अपराधी फरार, विभागीय बिभीषण ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

**कौशाम्बी।** जिले के मोहब्बतपुर पइन्सा थाना क्षेत्र के खूझा गांव में जिले के एक शातिर अपराधी के घर आधी रात को थाना पुलिस ने भारी फोर्स के साथ दबिश दी है पुलिस टीम पहुंचते ही शातिर अपराधी फरार हो गया हैं मौके पर पुलिस को तमाम आपत्तिजनक वस्तुएं मिली हैं जिन्हें पुलिस अपने साथ उठा लाई है। सोमवार की रात में भारी पुलिस बल के साथ पइंसा पुलिस ने एक शातिर अपराधी के घर में आधी रात को दबिश दिया दबिश में चार दो पहिया वाहन बिना नंबर प्लेट के मौके पर मिले और काफी मात्रा में भारी संदिग्ध सामान मौके पर पुलिस को मिले हैं पुलिस की कार्यवाही की सूचना पुलिस के पहुंचने के पूर्व पुलिस के विभीषण ने लीक कर दिया जिससे पुलिस टीम के पहुंचने के पूर्व मौके से अपराधी फरार हो गए हैं आखिर पुलिस विभाग का वह बिभीषण कौन है उसे चिन्हित कर पुलिस के विभीषण पर कार्यवाही करने की जरूरत है जिससे दोबारा पुलिस की कार्यवाही की सूचना लीक ना हो सके लेकिन खबर लिखे जाने तक विभीषण की जांच पड़ताल थाना पुलिस ने नही की है सूत्रों की माने तो थाने के भीतर से पुलिस कार्यवाही लीक हुई है जिसका अपराधियों से गहरे संबंध है।

जन संपादकीय

# राहुल की अपील पर सवाल

23 मार्च को सूरत की अदालत से मिली सजा के खिलाफ अपील करने कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को सूरत पहुंचे। जहां राहुल गांधी के वकीलों ने दो याचिकाएं दायर कीं, पहली जमानत के लिए और दूसरी सजा पर स्टे लगाने के लिए। सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी को जमानत दे दी है, जबकि सजा पर रोक संबंधी याचिका पर सुनवाई की तारीख 13 अप्रैल तय की गई है। पिछले 10 दिनों से देश की राजनीति में एक सवाल तेजी से घूम रहा था कि मानहानि मामले में सूरत की अदालत से राहुल गांधी को जो सजा दी गई है, क्या वे उसके खिलाफ ऊंची अदालत में अपील करेंगे। क्योंकि राहुल गांधी को दो साल की सजा के तुरंत बाद जमानत भी मिल गई थी और अपील दायर करने के लिए 30 दिनों की मोहलत भी। आमतौर पर अपील करने में देर नहीं की जाती है, लेकिन राहुल गांधी के मामले में यह स्पष्ट ही नहीं हो रहा था कि आखिर वे क्या फैसला लेने वाले हैं। क्योंकि सजा मिलने के अगले दिन ही लोकसभा से उनकी सदस्यता खत्म करने का फरमान भी आ गया और चंद दिनों के भीतर सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस भी मिल गया। राहुल गांधी ने संसद सदस्यता समाप्त होने के बाद अपने ट्विटर के परिचय में अयोग्य सांसद लिख दिया और बंगला निदेर्शानुसार खाली कर दिया जाएगा, यह जवाब भी अधिकारियों को दे दिया। राहुल गांधी की ये प्रतिक्रियाएं पहली नजर में यही दिखला रही थीं कि वे नियमों-कानूनों का सम्मान करते हुए सारी प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ ये भी दिख रहा था कि वे सारी कानूनी सख्ती के बावजूद माफी मांगने या पीछे हटने तैयार नहीं हैं। इसलिए इस सवाल से धुंध छंट ही नहीं रही थी कि राहुल गांधी अदालती मामले में क्या कदम उठाएंगे। क्या वे जेल जाने के लिए तैयार रहेंगे या फिर अपील कर फैसले का इंतजार करेंगे। उनका राजनैतिक भविष्य, कांग्रेस की भावी रणनीति और आने वाले तमाम चुनाव के लिए योजनाएं सब इस मामले से जुड़ चुके हैं। इस बीच लक्षद्वीप से सांसद पीपी मोहम्मद फैजल की संसद सदस्यता फिर से बहाल हो गई। श्री फैजल को 11 जनवरी को हत्या के प्रयास में दोषी करार देते हुए स्थानीय अदालत से 10 साल की सजा सुनाई गई थी, तब उनकी सदस्यता भी रद्द हो गई थी। और उनकी सीट पर उपचुनाव की घोषणा हो गई थी। लेकिन फिर केरल हाईकोर्ट ने इस सजा को खारिज किया तो लोकसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता को फिर से बहाल कर दिया। इसलिए अटकलें लगने लगी थीं कि क्या राहुल गांधी के मामले में भी ऐसा ही होगा। अगर राहुल गांधी फिर से लोकसभा के सदस्य बन जाते हैं, तो इसके राजनैतिक परिणाम क्या होंगे। क्या इसका कोई नकारात्मक असर भाजपा पर पड़ेगा। क्योंकि राहुल गांधी को सजा भले अदालती प्रक्रिया से मिली, लेकिन सवाल भाजपा पर ही उठ रहे थे कि मानहानि मामले में मिलने वाली अधिकतम सजा राहुल गांधी को क्यों दी गई और इसी समय यह 4 साल पुराना मामला क्यों खुला। क्या इसका कोई संबंध संसद में दिए गए राहुल गांधी के उस भाषण से है, जिसमें उन्होंने अदानी समूह और प्रधानमंत्री मोदी की नजदीकियों पर सवाल उठाए थे। भाजपा अपने ऊपर उठ रहे इन सवालों से बेचैन दिख रही थी और जवाब देने के लिए केन्द्रीय मंत्रियों और तेजतर्रार प्रवक्ताओं की पूरी टीम लगा दी गई थी। भाजपा के कई लोगों ने सवाल उठाए कि क्या राहुल गांधी कानून से परे हैं, जो उन्हें सजा मिलने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। भाजपा ने राहुल गांधी की टिप्पणी को ओबीसी के अपमान से भी जोड़ने की कोशिश की। हालांकि जल्द ही यह जवाब सबके सामने आ गया कि ललित मोदी या नीरव मोदी ओबीसी नहीं हैं। भाजपा के कुछ नेताओं ने यह सवाल भी उठाया कि राहुल गांधी ऊंची अदालत में अपील क्यों नहीं कर रहे हैं। बहरहाल, जब सोमवार को राहुल गांधी अपील करने सूरत पहुंचे, तो इस पर भी भाजपा के कई नेताओं ने असहज होते हुए टिप्पणियां कीं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने सोमवार सुबह प्रेस से कहा कि राहुल गांधी अपने परिवार के लोगों और मुख्यमंत्रियों के साथ सूरत कोर्ट जाने वाले हैं। रास्ता रोको, नौटंकी करो, इस तरह का माहौल गुजरात में कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी का परिवार बनाने वाला है। वहीं केन्द्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने सिलसिलेवार ट्वीट में कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नेताओं और सहयोगियों की टीम लेकर राहुल का व्यक्तिगत रूप से कोर्ट जाना महज एक ड्रामा है। इसके साथ ही उन्होंने इसे अदालत पर दबाव बनाने की कोशिश बताया। पूर्व मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सवाल उठाए कि यह क्या मतलब है मुख्यमंत्री कोर्ट में जा रहे हैं। यह नई परंपरा को शुरू कर रहे हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण, शर्मनाक है। इसी तरह कुछ और भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी के अपील करने जाने पर फिकरे कसे। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सबके लिए है, तो भाजपा भी अपने मन के भावों को प्रकट कर रही है। लेकिन सवाल ये है कि आखिर उसे असली दिक्कत किस बात से है। राहुल गांधी अपील करने पहुंचे, यह बात भाजपा को ठीक नहीं लग रही या फिर उसे राहुल गांधी का साथ देने पहुंचे लोगों से तकलीफ है। राहुल गांधी के लिए कांग्रेस ने सूरत चलो जैसा कोई अभियान नहीं छेड़ा। अगर उनके साथ उनकी बहन और पार्टी के साथी जाते हैं, तो यह उनका निजी मामला है। इस पर किसी को कोई आपत्ति क्यों होनी चाहिए। रहा सवाल अदालत पर दबाव बनाने का, तो क्या भाजपा न्यायपालिका को इतना कमजोर समझती है कि कुछ लोगों के साथ आ जाने से वह दबाव में आ जाएगी। राहुल गांधी कानूनी प्रक्रिया के तहत ही अपील करने पहुंचे हैं, भाजपा को इस अदालत प्रदत्त अधिकार का सम्मान करना चाहिए। लेकिन भाजपा सवाल उठाकर न्यायपालिका की प्रक्रिया को कटघरे में खड़ा कर रही है। राहुल गांधी के समर्थन में बहुत से कांग्रेस कार्यकर्ता सूरत पहुंच रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें पहले ही हिरासत में ले लिया। इस तरह की कार्रवाईयों से भाजपा की नीति और नीयत पर सवाल उठते हैं।

# हकीकत प्रतीत होता पौराणिक शाब्दिक ताना-बाना!

**साथियों बात अगर हम जिंदगी को फुर्सत देने की करें तो, जिंदगी को फुर्सत की जरूरत काम से कुछ कम नहीं है, लेकिन बेहिसाब ख्वाहिशें यह बात समझने नहीं देतीं। जो समझते हैं वे तमाम व्यस्तताओं के बावजूद समय निकालते हैं और इसे एक उत्सव की तरह मनाने के नित नए तरीके भी ईजाद कर लेते हैं। वाट्स ने लिखा है कि लोग पैसे बनाना और बचाना तो जानते हैं लेकिन उसका इस्तेमाल करना नहीं, वे जिंदगी का आनंद लेने में असफल रहते हैं क्योंकि वे हमेशा जीने की तैयारी कर रहे होते हैं**



**किशन भावनानी**

**भारतीय** सामाजिक संरचना हजारों वर्ष पुरानी है। विभिन्नता में एकता को प्रदर्शित करना और हमारे पूर्वजों बड़े बुजुर्गों द्वारा शाब्दिक तानों बानों में अनेक कहावतों की एक शाब्दिक संरचना कर डाली है, जो आज के इस आधुनिक डिजिटल युग में भी हम सटीक महसूस करते हैं जबकि हजारों वर्ष पूर्व तो इसकी शाब्दिक रचना करने वालों ने भी नहीं सोचा होगा कि इसकी सटीकता हजारों वर्ष के बाद भी प्रमाणित होते रहेगी, वैसे तो अनेक कहावतें हैं पर आज हम अपने आप को बहुत व्यस्त बताते हैं, हर बात पर कहते हैं मुझे टाइम नहीं मिला, मैं बिजी हूं, मुझे फुर्सत नहीं, परंतु अगर वहीं पर मेरे बहुत काम का, फायदे का, किसी प्रकार की वित्तीय प्रलोभन का अवसर आ जाएगा तो मैं झट से टाइम निकाल लूंगा, इसका अर्थ हजारों वर्ष पूर्व ही कहा गया था काम एक पैसे का नहीं फुर्सत एक मिनट की नहीं, काम बिल्कुल नहीं फिर भी समय नहीं, काम कौड़ी का नहीं फुर्सत ढेले की नहीं, बताते चलें कि कौड़ी और ढेला भारतीय मुद्रा की अत्यंत प्राचीनतम इकाई है कौड़ी थोड़ी छोटी और ढेला उससे बड़ी इकाई है, इसलिए हम इस कहावत सहित तमाम कहावतों, लोगोस, पंक्तियों पर जो इसपर आधारित है, असल में व्यस्त रहना अक्सर हमारे विचारों के अकेले होने और असुविधा के लिए बनाया गया एक बहाना है जो मानवीय स्वभाव बन गया है इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से, मुझे फुर्सत नहीं है परंतु काम एक पैसे का नहीं फुर्सत एक मिनट की नहीं इस पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम मुझे फुर्सत नहीं की करें तो हम अक्सर अपने आसपास निरंतर यह सुनते रहते हैं कि वह शान से कहते हैं, मुझे फुर्सत नहीं, परंतु हम महसूस करते हैं कि यह कहने की बात है, फुर्सत तो निकल ही जाती है किसी ने खूब ही कहा है कि, बिजी होना पर्याप्त नहीं है बिजी तो चीटियां भी होती है सवाल उठता है हम कहां बिजी हैं यह शानदार विचार है। हमें इसका जवाब ढूंढना चाहिए।

साथियों बात अगर हम जिंदगी को फुर्सत देने की करें तो, जिंदगी को फुर्सत की जरूरत काम से कुछ कम नहीं है, लेकिन बेहिसाब ख्वाहिशें यह बात समझने नहीं देतीं। जो समझते हैं वे तमाम व्यस्तताओं के बावजूद समय निकालते हैं और इसे एक उत्सव की तरह मनाने के नित नए तरीके भी ईजाद कर लेते हैं। वाट्स ने लिखा है कि लोग पैसे बनाना और बचाना तो जानते हैं लेकिन उसका इस्तेमाल करना नहीं, वे जिंदगी का आनंद लेने में असफल रहते हैं क्योंकि वे हमेशा जीने की तैयारी कर रहे होते हैं। एक जीवित कमाई करने के बजाय वे अधिक कमाई कर रहे हैं, और इस प्रकार जब आराम करने का समय आता है तो वे ऐसा करने में असमर्थ होते हैं। 70 वर्षों में भी कुछ बदला नहीं है। साथियों बात अगर हम किसी के विचारों की करें तो, कुछ लोगों के लिए फुर्सत का मतलब चार दीवारों के दायरे से थोडा आगे बढकर बाहर निकल कर कुछ करना होता है। यह किसी बाजार या मॉल में जाकर शॉपिंग करना हो सकता है, किसी अजीज दोस्त ट ा ा रिश्तेदार से मिलना हो सकता है, किसी स्पोर्ट्स क्लब में जाकर दो-चार हाथ आजमाने की कोशिश हो सकती है, कोई हॉबी क्लास ज्वाइन करना हो सकता है या फिर कुछ और, कुछ लोग योग या ध्यान के शिविर में चले जाते हैं, शरीर और मन दोनों को हलका करने, दोनों के विष निकाल कर खुद को बिलकुल नया कर लेने के लिए। जिसकी जैसी भी पसंद हो, उसी के अनुरूप वह अपने लिए अपने दैनिक रुटीन से अलग हटकर कोई काम ढूंढ लेता है। ऐसा काम जो उसे उसके रोज के टाइट शेड्यूल से थोडा ढीला होने का मौका देता है। यह ढीला होना उसके लिए ऐसे ही होता है जैसे दिन भर की भागदौड के बाद पांव पसारना।

**बहुत लोगों के लिए आराम का मतलब भी मुंह ढक के पड रहना नहीं होता। उनके लिए इसका मतलब बस घर में बैठे-बैठे कुछ-कुछ करते रहना होता है। कुछ-कुछ यानी कभी किसी कमरे को नए सिरे से सजाना तो कभी कोई किताब पढना, बहुत दिनों से अधूरी पडी किसी पेंटिंग को पूरा करने की कोशिश या हारमोनियम-तबला लेकर बैठ जाना, किसी भूली बिसरी धुन पर सिर धुनना और कोई सिरा पकड में आ जाने पर उसी की मस्ती में खो जाना, ऐसा कुछ भी या इससे भी भिन्न कुछ और, बस घर में बैठे-बैठे करते रहना**

साथियों बात अगर हम फुर्सत के चाहत की करें तो,अपने शौक पूरे करने से लेकर सपनों का संसार बसाने और आराम से जीने भर के लायक धन कमाने तक के लिए काम करना तो सभी चाहते हैं, पर काम के साथ-साथ फुर्सत की चाहत भी सबके भीतर होती है। फुर्सत की चाहत का यह मतलब बिलकुल नहीं कि आराम बडी चीज है, मुंह ढक के सोइए वाली पोजीशन में आ जाएं। हालांकि हो सकता है कि कुछ लोगों के लिए यह मतलब भी हो और वैसे भी दिन-रात पसीना बहाते इंसान के लिए जरा से आराम की चाहत कोई गुनाह थोडे ही है। बहुत लोगों के लिए आराम का मतलब भी मुंह ढक के पड रहना नहीं होता। उनके लिए इसका मतलब बस घर में बैठे-बैठे कुछ-कुछ करते रहना होता है। कुछ-कुछ यानी कभी किसी कमरे को नए सिरे से सजाना तो कभी कोई किताब पढना, बहुत दिनों से अधूरी पडी किसी पेंटिंग को पूरा करने की कोशिश या हारमोनियम-तबला लेकर बैठ जाना, किसी भूली बिसरी धुन पर सिर धुनना और कोई सिरा पकड में आ जाने पर उसी की मस्ती में खो जाना, ऐसा कुछ भी या इससे भी भिन्न कुछ और, बस घर में बैठे-बैठे करते रहना। संस्कृति के श्लोक में भी आया है कि पीत्वा मोहमयीं प्रमादमदिरा मुन्मत्तभूतं जगत ॥ सूर्य के अवागमन से दिनबदिन इन्सान की जिंदगी कम होती जाती है।

के काम में व्यस्त समय कब निकल जाता है, उसका ध्यान नहीं रहेता । जन्म, जरा (बुढापा), विपत्ति और (साक्षात) मृत्यु देखकर भी हमें डर नहीं लगता !

गुजर गया आज का दिन पहले की तरह<br>ना उनको फुर्सत थी ना हमें ख्याल आया है<br>मैं व्यस्त हूं यह झूठ अब बड़ा सच बन गया है<br>सबको अपने से मतलब है इसलिए सब व्यस्त हैं

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि,हकीकत प्रतीत होता पौराणिक शाब्दिक ताना-बाना!काम कौड़ी का नहीं फुर्सत ढेले की नहीं!सबको अपने से मतलब है इसलिए व्यस्त हूं कहना, अक्सर बनाया गया एक बहाना होता है

# "बुराई तब बढ़ती है जब अच्छे लोग कुछ नहीं करते"?

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

**यदि** आप कुछ ऐसा होने देते हैं जो स्वाभाविक रूप से बुरा या बुरा था जब आपके पास ज्ञान या अनुभव था कि घटना नैतिक रूप से गलत थी, तो आप "बुराई" को जीतने देंगे. उदाहरण के लिए, जब आप किसी बूढ़े व्यक्ति को लुटते हुए या किसी लड़की को छेड़ते हुए देखते हैं और आपने घटना के दौरान इसके बारे में निष्क्रियता को चुना। आपने महसूस किया होगा कि आप हस्तक्षेप नहीं कर सकते क्योंकि "यह आपके किसी काम का नहीं था"। या आपको डर था कि अगला निशाना आप ही होंगे। या हो सकता है, आपने मान लिया हो कि कोई और आगे आकर कुछ कहेगा। या आपने सोचा कि आप समय नहीं निकाल सकते। या आप यह भी सोच सकते हैं कि शायद आप स्थिति को गलत समझ रहे थे। या कोई कार्रवाई करेगा या आपके लिए कुछ कहेगा। पृथ्वी पर हर संभव कारण के बावजूद, हम बुराई को प्रबल होने देते हैं क्योंकि हम अलोकप्रिय होने से डरते हैं, डरते हैं या स्पष्ट रूप से, परवाह नहीं करते हैं। हमारी दुनिया ऐसे लोगों से भरी पड़ी है जो कुछ नहीं कर रहे हैं। जब आप बुराई को उंगली देते हैं, तो वे आप सभी को खा जाते हैं। तो, जो भी बुरी चीजें हो रही हैं, लोग इतने निष्क्रिय क्यों हैं? सबसे पहले, हम अभिजात वर्ग द्वारा इस तरह सोचने के लिए प्रोग्राम किए गए हैं। हमें अपनी देखभाल करना और स्कूल, खेल, काम, राजनीति, धर्म और बहुत कुछ में दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करना सिखाया जाता है। यह एक ऐसी रचना है जो हजारों वर्षों से चली आ रही है। हमने मूर्ति बनाना सीख लिया है और प्रत्येक मानव में वास्तविक मूल्य नहीं देखना सीख लिया है। लोगों के पास "मूर्तियां" होती हैं जिनका वे अनुसरण करते हैं और उन पर विश्वास करते हैं। आप केवल अपने स्वयं के "मूर्ति" क्यों नहीं हो सकते? आप अभी भी उन लोगों की सराहना कर सकते हैं जो महान चीजें बनाते हैं लेकिन सभी लोग बनाने में सक्षम हैं। यह उन घटनाओं की सटीक प्रतिकृति है जो अफगानिस्तान में तालिबान के काबुल पर नियंत्रण करने के साथ हुई हैं। दुनिया तालिबान की जीत और अफगानिस्तान से भागने की कोशिश कर रहे लोगों और इस प्रयास में कई लोगों के मारे जाने के साथ जो देख रही है, वह वास्तव में शुद्ध बुराई है। कोई इसे किसी भी तरह, आकार या रूप में सही नहीं ठहरा सकता। हम आराम से बैठकर इसे अपने कंप्यूटर स्क्रीन और टीवी स्क्रीन पर नहीं देख सकते। इसका मुकाबला करना ही होगा नहीं तो यह पूरी दुनिया में कैंसर की तरह फैल जाएगा। राष्ट्रपति बिडेन ने कहा कि ट्रंप प्रशासन और तालिबान के बीच हुए भयानक शांति समझौते को देखते हुए वापसी के लिए उनके हाथ बंधे हुए हैं। लेकिन अफगानों को पिछले दो दशकों में अमेरिका द्वारा उनके साथ किए गए लाभ को बनाए रखने का बेहतर मौका देते हुए अमेरिकी सैनिकों को वापस लेने का एक तरीका अभी भी था। बिडेन ने अन्यथा चुना। जिस तरह से उन्होंने अमेरिकी सैनिकों की वापसी और अंततः प्रस्थान की घोषणा की - लड़ाई के मौसम की शुरूआत में, तेजी से समय रेखा पर और अफगान सरकार के साथ पर्याप्त समन्वय के बिना - हमें वर्तमान स्थिति में मिला है। कम से कम, संयुक्त राज्य अमेरिका को तालिबान के नवीनतम आक्रमण को कुंद करने और अमेरिकी सैन्य सहायता से रहित भविष्य की योजना बनाने के लिए समय खरीदने में मदद करने के लिए इस अवधि के दौरान अफगानों का समर्थन करना जारी रखना चाहिए था।




अमेरिकी राजनयिक इस समय का उपयोग उन क्षेत्रीय ठिकानों तक पहुंच के लिए बातचीत करने के लिए कर सकते थे जहां से आतंकवाद विरोधी अभियान जारी रखा जा सके। इसके साथ ही, अमेरिकी सेना को उन वाताओं के विफल होने की स्थिति में आपात स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए था। अफगानिस्तान में अनिश्चित काल के लिए अमेरिकी सैन्य बलों को रखने के ज्ञान के बारे में उचित लोग असहमत हो सकते हैं। जिम्मेदारी से वापसी के लिए अधिक समय और बेहतर तैयारी की जरूरत थी। एक अन्य प्रसिद्ध दार्शनिक, जॉन स्टुअर्ट मिल ने कहा: 'किसी को भी इस भ्रम से अपनी अंतरात्मा को शांत नहीं करना चाहिए कि अगर वह कोई हिस्सा नहीं लेता है और कोई राय नहीं बनाता है तो वह कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता है। बुरे आदमियों को अपने सिरों को घेरने के लिए और कुछ नहीं चाहिए, केवल उन भले आदमियों को देखते रहना चाहिए और कुछ नहीं करना चाहिए।' हम बुराई से बुराई का मुकाबला नहीं कर सकते। शांति और प्रेम की दुनिया में क्रोध और घृणा का कोई स्थान नहीं है। इससे लड़ने का एकमात्र तरीका सच्चाई का पदार्फाश करना है। अपनी दुनिया के साथ ज्ञान साझा करें जब आप उन चीजों को जानते हैं जो भ्रष्ट हैं, लोगों को नियंत्रित करने के लिए हेरफेर की गई हैं। मुझे पता है कि कई लोगों को अपना मुंह बंद रखने के लिए भुगतान किया जाता है क्योंकि अन्यथा उनका सार्वजनिक रूप से उपहास किया जाएगा और उन्हें अपमानित किया जाएगा या अंत में मार दिया जाएगा। कुछ लोग बहादुर होते हैं और सच्चाई को उजागर करते हैं। क्या आप उनमें से एक बनने जा रहे हैं? और अभिजात वर्ग को खिलाना बंद करो। आप उन्हें बैंकों, शेयर बाजारों, मीडिया, राजनीति और अन्य चीजों के माध्यम से समर्थन देते हैं।

# राष्ट्रीय एकात्मता के भाव को जागृत किया

**शिव प्रकाश**

**देश में** राष्ट्रवाद, गरीब कल्याण, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण, पारदर्शिता का आचरण करते हुए कांग्रेस के सम्मुख विकल्प प्रस्तुत करने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। भारतीय राजनीति के मूर्धन्य विद्वान पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा "एकात्म मानववाद" का वैचारिक आधार देकर जिसको पोषित करने का कार्य किया। अपने जन्म से सतत वृद्धि की ओर अग्रसर लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपातकाल के समय जनता पार्टी में विलीन हो गया। 6 अप्रैल 1980 को मुंबई सागर तट पर अटल गर्जना के साथ "अँधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा" के संकल्प के साथ भारतीय राजनीतिक क्षितिज पर नई पार्टी, भारतीय जनता पार्टी के नाम से प्रकट हुई। जिसका नेतृत्व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने किया। आज वही भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 18 करोड़ सदस्यता वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। देश के अनेक राज्यों में सरकार एवं केंद्र में भारत का नेतृत्व कर रही है। अपने राष्ट्रवादी विचार, गरीब कल्याण की नीति, प्रखर एवं प्रामाणिक नेतृत्व के कारण देश के लिए वरदान सिद्ध हुई है। राजनीति के माध्यम से राष्ट्रवाद की स्थापना करते हुए राष्ट्रीय एकात्मता को पुष्ट करने का विचार भाजपा ने अपने जन्म काल से रखा। बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन तक लोकतंत्र का पालन करते हुए देश में लोकतंत्र का रक्षण भारतीय जनता पार्टी का संकल्प बना। समाज में बिना किसी भेदभाव के विकेंद्रित अर्थव्यवस्था का पालन करते हुए गरीब का उत्थान यही लक्ष्य हो बिना किसी भेदभाव अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों का पालन करते हुए देश के विकास में सभी का सहयोग एवं 'देश प्रथम' सिद्धांत का पालन करते शुद्ध आचरण से देशवासियों की सेवा भाजपा का लक्ष्य बना। हमारा देश विविधताओं से युक्त देश है। भाषा, जातियों, पूजा-पद्धति, खानपान, रंग-रूप एवं पहनावा हम सब को एक दूसरे से भिन्न दिखाते हैं। सतही तौर पर विचार करने वाले एवं विदेशी षड्यंत्रों से प्रभावित अनेक लोगों ने इस विविधता के विभेद को ही अपनी राजनीति का आधार बनाया। यह एक राष्ट्र नहीं, जातियों में परस्पर संघर्ष, आदिवासी, शहरवासी, सवर्ण दलित आदि के आधार पर अपनी रोटियां एवं वोट की फसल काटने का प्रयास किया। भाजपा प्रारंभ से ही एक राष्ट्र, एक जन, एक संस्कृति के सिद्धांत के आधार पर राजनीति करती आई है। विविधता इसकी कमजोरी नहीं, इस देश का सौंदर्य है। उत्तर पूर्वांचल ने भी भाजपा को चुनाव जिताकर इस स्वर को प्रकट किया है इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि "न तो अब उत्तर पूर्वांचल दिल्ली से दूर है और न ही दिल से दूर है।" बंद, चक्का-जाम, आतंक अब समाप्त होकर वहां विकास की धारा बह रही है। कश्मीर 370 से मुक्त होकर केसर की सुगंध ले रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अनूठी पहल "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अंतर्गत काशी तमिल संगमय ने एकात्मता के विश्वास को गहरा किया है। वेरूवाडी, कच्छ, कश्मीर के लिए संघर्ष करने वाले भाजपा नेतृत्व ने राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय एकात्मता के भाव को जन-जन में जागृत किया है।

# कांग्रेस को मिल रहे अधिक सहयोगी

**हरिहर स्वरूप**

भाजपा और विपक्ष दोनों के लिए राजनीतिक बदहाली से मुक्ति का रास्ता इस बात पर निर्भर करता है कि यह पहली प्रक्रिया अब और मई 2024 के बीच कैसे चलती है। चूंकि दोनों पक्ष इस भरोसे पर लड़खड़ाते दिख रहे हैं, इसलिए हमें यह पूछना होगा कि क्या अहंकार की टक्कर यहां कोई भूमिका निभा रही है? यह हमें दूसरी प्रक्रिया पर लाता है, विशेष रूप से कांग्रेस और भाजपा के बीच के संबंधों की गतिशीलता के संदर्भ में। जैसे-जैसे हम एक और बड़े चुनावी मौसम की ओर बढ़ रहे हैं, दो समानांतर राजनीतिक प्रक्रियाएं सामने आ रही हैं, जिसकी औपचारिक शुरूआत 10 मई को कर्नाटक विधानसभा चुनाव से होगी और 12 महीने बाद लोकसभा के साथ समाप्त होगी। आने वाले महीनों में ये प्रक्रियाएं अधिक गतिमान होंगी क्योंकि मुख्य नेता यह पता लगायेंगे कि मतदाताओं को किस तरह से अपने पक्ष में किया जा सकता है। उनके बयानों से अब हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि उनका राजनीतिक गणित क्या हो सकता है। पहली प्रक्रिया 2024 में 'दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी' भाजपा के मुकाबले के लिए एक व्यापक विपक्षी गठबंधन बनाने का प्रयास है। तार्किक रूप से, एक पार्टी के लिए जिसने 37 फीसदी के अपने वोट के आधार पर बहुमत हासिल किया है, को अपने राजनीतिक विरोधियों के बीच फूट की भावना को ही बढ़ाना उसके राजनीतिक दृष्टिकोण में अधिक उपयुक्त होता। लेकिन मानहानि के फैसले के बाद राहुल गांधी को लोकसभा से बाहर करने के लिए बड़ी उत्सुकता दिखाकर, और कथित तौर पर जांच एजेंसियों का इस्तेमाल ज्यादातर विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए कर, पार्टी ठीक इसके विपरीत व्यवहार करती दिख रही है। रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा आयोजित बैठक में कम से कम 15 विपक्षी दलों ने भाग लिया, जिनमें वे भी शामिल थे जो कांग्रेस को अपने राज्यों में मुख्य दुश्मन के रूप में देखते हैं। जब तक भाजपा यह नहीं सोचती कि उसे 2024 से पहले किसी सहयोगी की जरूरत नहीं है, उसका रवैया तो वास्तव में विपक्ष को भाजपा के ही पतन के लिए एक साथ काम करने के लिए मजबूर कर रहा है। समीकरण के दूसरी तरफ, विपक्ष के लिए यह समान रूप से समझदारी की बात होनी चाहिए कि वे विवादास्पद मुद्दों को दफन कर दें जो चुनाव के अपने स्वयं के संघर्षों को मजबूत करते हैं।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय का बैनर लेकर शिक्षकों के साथ नगर भ्रमण किया। घर-घर जाकर बच्चों ने अभिभावकों को स्कूल भेजने को प्रेरित किया। मंगलवार को प्रत्येक बच्चे को पढ़ना जरूरी है। शिक्षित समाज में अशिक्षित बच्चों का रहना भविष्य में बहुत ही कष्टदायी होगा। आधुनिक जमाने में सभी काम कम्प्यूटर, व्हाट्सएप आदि संसाधनों से हो रहा है। ऐसे में अशिक्षित का जीना दूभर है। सभी से अपने बच्चों को हर हाल में विद्यालय भेजने का अनुरोध किया। बच्चे अबोध होते हैं, उन्हें शिक्षा के महत्व का ज्ञान नहीं है। इसी क्रम में संचारी रोग सब जगह फैल रहा है। इस रोग से बचने को सबको जागरूक करें। प्रभातफेरी निकालने से पहले कालेज में विद्यालय के प्रधानाचार्य सीताराम सिंह ने स्कूल चलो व संचारी रोग के बारे में बताया। शंकर बाजार की मण्डी समिति से होकर हरिजन बस्ती होते हुये दिवाकर नर्सिंग होम के पास व कालेज के पीछे से होकर चकरेही चैराहा होते हुये कालेज में समापन हुआ। प्रभातफेरी में कालेज के ओमदत्त, सुशील कुमार, इन्द्रजीत, रामजी, शिवशंकर शुक्ल, कमल कुमार, मनीष कुमार, अनिल कुमार, यशवन्त सिंह, दिनेश कुमार, सुधीर शुक्ला, अरविन्द यादव, पवन कुमार, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक मइयादीन पटेल आदि अध्यापकों ने बच्चों के साथ चलकर अभिभावकों से अपने बच्चों का स्कूल में नाम लिखाने की अपील की। संचारी रोग से बचने की भी सलाह दी।

# आईपीएल में जलवा बिखेरने के लिए तैयार है पीतलनगरी की युवा प्रतिभा



**मुरादाबाद।** आईपीएल सितारों की राह पर चलते हुए पीतलनगरी मुरादाबाद की युवा प्रतिभा आईपीएल में एक बार फिर प्रवेश कर गई हैं और अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। उम्मीद है कि बहुत जल्द इन उभरते सितारों को भारतीय टीम में जगह मिल सकेगी। इन खिलाड़ियों में आर्यन जुयाल, शिवा सिंह और शिवम शर्मा शामिल हैं। आर्यन पिछले सीजन में मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा रह चुके हैं।

मुरादाबाद मंडल में हमेशा क्रिकेट की एक से बढ़कर एक प्रतिभा देखने को मिली है। यहां से भारतीय टीम में पूर्व सांसद टेस्ट क्रिकेटर स्व. चेतन चौहान, शानदार लेग स्पिन गेंदबाज पीयूष चावला और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने जगह बनाई है। इनकी राह पर चलते हुए तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने आईपीएल तक का सफर तय कर लिया है। आर्यन जुयाल, शिवा सिंह और शिवम शर्मा तीनों खिलाड़ी इस समय आईपीएल में जलवा बिखेर रहे हैं। इनकी राह पर चलते हुए शहर के युवा सितारे क्रिकेट पिच पर चौके-छक्के लगा रहे हैं। इनमें आर्यन जुयाल, शिवा सिंह और शिवम शर्मा जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं।

आर्यन जुयाल को पिछले आईपीएल सीजन में मुंबई इंडियस ने खरीदा था। लेकिन वहां पूरे सीजन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। जिसके बाद आईपीएल के 16 वें संस्करण में उन्हें टीम ने रिलीज कर दिया। आर्यन विकेट कीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाते हैं। वह 2018 अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप भारतीय टीम के हिस्सा रहे।

शिवा सिंह उत्तर प्रदेश के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हुए बाएं हाथ से फिरकी गेंदबाजी करते हैं। वह पृथ्वी शॉ की कप्तानी में 2018 भारत के लिए अंडर-19 वर्ल्ड टीम का हिस्सा रहे।

## सीएम का आगमन 09 को, तैयारियां तेज

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 09 अप्रैल को महराजगंज आएंगे। इस दौरान वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। शहर के गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा को लेकर प्रशासन भी मुस्तैद है। मंगलावर को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार तथा एसपी डॉ कौस्तुभ ने अयोजन स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारी द्वय ने मुख्य मंच तथा पंडाल बनने की तैयारियों के लिए पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को जरूरी दिशा निर्देश दिया। हेलीपैड के लिए जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज के मैदान का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रशासन को दोनों परिसरों के साफ-सफाई समतलीकरण का रंग रोगन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# कैटिल कैचर वाहन से निराश्रित गौवंशों को भेजा जायेगा गौशाला: जिपं अध्यक्ष

## वाहन को मऊ नगर पंचायत को किया समर्पित



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** किसान भाइयों की फसलों को निराश्रित गौवंश से निजात दिलाने को जिला पंचायत ने कैटिल कैचर वाहन खरीदा है। मुख्य विकास अधिकारी की मौजूदगी में में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने हरीझंडी दिखाकर अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मऊ व चित्रकूट को ये वाहन प्रयोग को हैण्डओवर किया।

मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि सड़क में घूम रहे व किसानों की फसलों को चरते निराश्रित गौवंश गौशालाओं में भेजे जायेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में निराश्रित गौवंश सड़कों पर घूमते-फिरते नजर आते हैं। इससे आये दिन हादसे होते हैं। इस वाहन का प्रयोग तहसील मऊ में किया जायेगा। भाजपा सरकार किसानों को समृद्ध बनाने को संकल्पित है। देश का किसान समृद्ध होगा तो देश भी विकसित होगा। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत ने एक कैटिल कैचर वाहन खरीदा है। तहसील मऊ के निराश्रित गौवंश घूमते नजर आये तो उसकी सूचना कैटिल कैचर वाहन को दें। निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में पहुंचाया जायेगा।

कैटिल कैचर वाहन का संचालन नगर पंचायत मऊ करेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने समस्या के निदान को शासन की मंशानुसार सभी ब्लाक प्रमुखों से से कहा कि जनहित में एक-एक कैटिल कैचर वाहन खरीदें। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, अपर मुख्य अध्किारी सुधीर कुमार, अभियंता भगत सिंह, वरिष्ठ लिपिक इन्द्रपाल, नागेश कुमार द्विवेदी, कम्प्यूटर आपरेटर आशीष कुमार, ड्राफ्टमैन व जिला पंचायत का स्टाफ मौजूद रहा।

## कूप निर्माण में हो रहा भ्रष्टाचार

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के चुरेह केसरुआ के मजरा केकरामार में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत कुआ का निर्माण कराया जा रहा है। ये निर्माण कार्य मानकविहीन व गुणवत्तापूर्ण ढंग से नहीं कराये जा रहे हैं।

मंगलवार को केकरामार के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुआ निर्माण में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत नजर आ रही है। गाटा संख्या 1605 में स्थित कुआ किसान सीमा सिंह पत्नी कपूर सिंह मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना चयन प्रक्रिया की लाभार्थी हैं। किसान सीमा सिंह ने बताया कि गुणवत्ताविहीन व मानकविहीन कार्य कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को कई बार सूचित किया है। भ्रष्टाचार को जिम्मेदार अधिकारी अनदेखा कर रहे हैं। उन्होंने कूप निर्माण में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की मांग की है।

## जालसाजी में एक गया जेल



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सरधुआ थानाध्यक्ष ने जालसाजी व माल बरामद के वारंटी रामचन्द्र यादव पुत्र शिवदर्शन यादव निवासी चिल्लीमल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

मंगलवार को इसी क्रम में पहाडी थाने के दरोगा राहुल पाण्डेय की टीम ने रेखराज प्रजापति पुत्र प्रेमराज निवासी नांदी को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर चालान किया है।

## अज्ञात कारणों से तीन घरों में लगी आग, दो मवेशी की भी जलकर मौत



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में अज्ञात कारणों से तीन घरों में आग लगने से घर में रखा सामान व गृहस्थी पूरी तरह जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के प्रयास किये। जब तक आग बुझ पाती, तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था।

ये अग्निकांड मानिकपुर तहसील क्षेत्र के रैपुरा गांव के उदित नारायण पटेल पुत्र शिव सम्पत, इंद्रेश पुत्र उदित पटेल, शिव नायक पुत्र शिव अवतार के घर पर अज्ञात कारणों से हुआ। बताया गया कि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग को बढ़ता देख आसपास के ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने को कड़ी मशक्कत की। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक आग इतनी विकराल हो चुकी थी कि घर में रखा सभी सामान व खाने-पीने की सामग्री जलकर राख हो गई। दो मवेशियों की भी जलने से मौत हो गई।

सूचना पर रैपुरा पुलिस ने पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। गांव के लोगों से आग लगने के कारण की पूंछताछ की जा रही है।

## तेज रफ्तार बाइक के धक्के से साइकिल सवार बालक की मौत

**मीरजापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के ददरा गांव के पास मीरजापुर-सोनभद्र मार्ग पर मंगलवार शाम तेजरफ्तार बाइक के धक्के से 13 वर्षीय साइकिल सवार बालक की मौत हो गई। इकलौते पुत्र की मौत से घर का चिराग बुझ गया। राजगढ़ गांव निवासी प्रशांत दुबे का 13 वर्षीय पुत्र रुद्र मंगलवार की शाम ददरा बाजार से कापी खरीद साइकिल से वापस अपने घर राजगढ़ आ रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेजरफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार बालक को धक्का मार दिया। हादसे में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती किया गया, जहां चिकित्सक ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# समर्थन मूल्य से ज्यादा है बाजार में गेहूं का भाव

## क्रय केंद्रों में नहीं जा रहे किसान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में सरकारी गेहूं खरीद एक अप्रैल से शुरू हो गई है। गेहूं खरीदने की शुरूआत सरकार ने तो करा दी, लेकिन किसान को बाजार का भाव दिया ही नहीं जा रहा। ऐसे में किसान सरकारी केंद्रों पर न जाकर समर्थन मूल्य से अधिक में बाजार में बेंच रहा है।

मंगलवार को किसानों ने बताया कि मौसम की मार के बाद सरकार ने गेहूं खरीद में वह भाव नहीं दे रही, जो बाजार में मिल रहा है। गल्ला मंडी में नाम मात्र को किसान पहुंच रहे हैं। किसानों की भीड़ देखने को नहीं मिल रही। किसानों के न पहुंचने का कारण है कि खरीद केन्द्रों में अच्छा दाम नहीं मिल रहा। किसान नाथूराम यादव ने बताया कि भीड़ न जुटने का कारण है कि इस बार गेहूं की पैदावार कम हुई है। दूसरा कारण है कि फरवरी-मार्च में व्यापार मंडल ने किसानों का गेहूं 2800 सौ रुपए से लेकर 2900 रुपए तक खरीदा है। सरकार का भाव गेहूं केंद्रो में 2125 रुपए होने से किसानों के मन में संशय बना है कि शायद अभी दर और बढे। तभी गेहूं मंडी में ले जाएंगे।

गेंहू का रेट बढ़ने की उम्मीद लगाए किसान मंडी नहीं जा रहे। नवीन गल्ला मंडी गेहूं क्रय केंद्र के सहायक अधिकारी रामसजीवन ने बताया कि अब तक किसानों ने सौ कुंतल गेंहू मंडी में लेकर आए हैं। जिसकी खरीद हो चुकी है। किसान भाइयों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। 15 अप्रैल के बाद भीड़ बढ़ने की संभावना है।

# मथुरा में जैन सर्किट का हुआ शुभारंभ, वेबसाइट पर मिलेगी सभी जानकारी



**मथुरा।** जिलाधिकारी पुलकित खरे ने मंगलवार को पावन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर जैन धर्मगुरुओं के साथ जिले की वेबसाइट एवं जैन सर्किट का उद्घाटन एनआईसी में किया।

जैन संप्रदाय के मंदिरों की जानकारी, टाइम टेबल, संपर्क करने के नंबर, जैन मंदिरों के प्रबंधकों आदि की जानकारी अब इस वेबसाइट के माध्यम से मिल सकती है। सभी प्रकार की व्यवस्था एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध रहेगी। श्रद्धालुओं को भगवान श्री कृष्ण के साथ साथ अन्य मंदिर, रेस्टोरेंट, होटल, पार्क, पार्किंग आदि की जानकारी मथुरा-निक-इन वेबसाइट से सुगमता के साथ प्राप्त कर सकते हैं।जिले की वेबसाइट में उक्त व्यवस्था से जनपद में आने वाले श्रद्धालुओं को बहुत आसानी होगी तथा ऑथेंटिक जानकारी से लाभान्वित होगे। विभिन्न ऑनलाइन सेवाएं शुरू की ताकि श्रद्धालु डिजिटल माध्यम से जनपद मथुरा में श्री बांके बिहारी जी, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, द्वारिकाधीश, राधारानी, दाऊजी आदि के दर्शन कर सकें। जिला प्रशासन डिजिटल एवं आधुनिक युग में ऑनलाइन बुकिंग सहित ऑनलाइन सेवाएं मुहैया करा रहा है।

इस वेबसाइट में श्री जंबू स्वामी निर्वाण स्थल दिगंबर जैन मंदिर चौरासी कृष्ण नगर एनएच 19 मथुरा, श्री चंद्रप्रभु पंचायती जैन मंदिर चौक बाजार जैन गली घिया मंडी मथुरा, श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर छिपी गली वृंदावन, श्री 1008 चंद्र प्रभु जैन मंदिर जयसिंहपुरा मथुरा, श्री चंद्रप्रभु पंचायती जैन मंदिर चौक बाजार जैन गली घिया मंडी मथुरा, श्री पदम प्रभु जैन मंदिर घाटी भलराई चौबिया पड़ा मथुरा द्वारकाधीश मंदिर के पीछे, श्री 1008 पदम प्रभु जैन मंदिर मोहल्ला खेड़ा कोसी कलां मथुरा,श्री 1008 महावीर स्वामी दिगंबर जैन मंदिर कोसी कलां मथुरा,श्री 1008 नेमिनाथ जैन मंदिर ब्राह्मणपुरी कोसी कलां मथुरा, श्री 1008 शांतिनाथ जैन मंदिर ब्राह्मणपुरी कोसी कलां मथुरा, श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर शेरगढ़ छटा मथुरा तथा गवर्नमेंट जैन म्यूजियम सिविल लाइन मथुरा की जानकारी है।

## न्यूज झरोखा

## फलों के राजा आम से किसान ने छोड़ी आस, बेमौसम बारिश से आम पर संकट

**अखंड भारत संदेश**


**चित्रकूट।** जिले में पहले सूखा, फिर तापमान में उतार-चढ़ाव और अब बेमौसम बारिश से आम की पैदावार पर संकट खड़ा हो गया है। इस बार आम की फसल न होने की उम्मीद की जा रही है। मौसम के मिजाज से आम के किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें दिखने लगी हैं। बेमौसम बारिश, तेज हवाएं और ओले गिरने से आम की फसल को भारी क्षति पहुंची है। इस साल आम की पैदावार कम होने की आशंका जताई जा रही है।

मंगलवार को आम के किसानों ने बताया कि आम की फसल खासी कमजोर है। एक वक्त होता था जब जिले में आम की बौर पेड़ों में दिखने लगती थी। मौसम के मिजाज के चलते आम की फसल की भारी उम्मीद लगाये बैठे किसान चिंतित हैं। जिले के आम के बागों में नाम मात्र का बौर दिख रही है। बारिश के चलते आम के पेड़ों पर कई और रोग लग गये हैं।

किसान जितेंद्र ने बताया कि इस मौसम में आम दिखाई देने लगता था। इस बार आम नहीं दिख रहा। जो दिख भी रहा है वह सिर्फ नाम मात्र को है। इस बार आम की पैदावार कम देखने को मिल रही है।

कृषि उपनिदेशक राजकुमार ने बताया कि किसानों की जिस तरह से समस्यायें आ रही हैं, उन्हें एकत्र कर शासन को भेजकर जैसी रिपोर्ट आती है। उसके आधार पर किसानों की फसल से लेकर आम की फसल तक की मदद की जायेगी। सर्वे कराया जा रहा है। किसान भाइयों के साथ हैं। उनकी मदद की जाएगी।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री ने सपत्नीक की गिरिराज जी की पूजा अर्चना, लगाई परिक्रमा



**मथुरा।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री मंगलवार को अपने परिवार के साथ गोवर्धन पहुंचे, यहां उन्होंने गिरिराज महाराज का दुग्धाभिषेक करने के पश्चात ई-रिक्शा के द्वारा सप्तकोसीय परिक्रमा लगाई। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री डॉ वीरेंद्र सिंह खटीक पत्नी के साथ यहां पहुंचे। उन्होंने यहां श्री गिरिराज दानघाटी मंदिर में गिरिराज महाराज का दुग्धाभिषेक कर पूजन अर्चन किया एवं मनोकामना की मनौती मांगी। इसके बाद उन्होंने ई-रिक्शा से गिरिराज महाराज की सप्तकोसीय परिक्रमा भी लगाई। इस दौरान उनका मंदिर सेवायत दीपचंद पुरोहित ने उन्हें पूजा कराई एवं पटुका ओढ़ाकर स्वागत किया।

## वाराणसी में 10 नए कोरोना संक्रमित मिले, 24 एक्टिव मरीजों का होम आइसोलेशन में इलाज

**वाराणसी।** जिले में मंगलवार को कोविड के 10 नए संक्रमित मरीज मिले है। संक्रमण की बढ़ती गति देख स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। वहीं, अभी भी लोग कोरोना संकट को हल्के में ले रहे है। बीते सोमवार को कोरोना के पॉच मरीज मिले थे, जिनमें 3 बीएचयू हॉस्टल में रहने वाली छात्राएं थी। मंगलवार को दोगुना मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को जागरूक करने पर भी बल दिया है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में अब तक 34 मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई है। जिसमें 10 स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं सक्रिय मरीजों की संख्या 24 है। सभी मरीजों का होम आइसोलेशन में इलाज चल रहा है। कोविड के नए वैरियंट के संक्रमण के बढ़ने की आशंका को देख पं. दीन दयाल चिकित्सालय, सीएचसी चोलापुर ,सीएचसी आराजी लाइन,सीएचसी गंगापुर ,सीएचसी हाथी बाजार,सीएचसी नरपतपुर,सीएचसी मिसिरपुर, सीएचसी चौकाघाट,सीएचसी शिवपुर, बीएचयू सर सुंदर लाल चिकित्सालय में बचाव के लिए पूर्वाभ्यास भी हो चुका है।

# अग्निकांड से व्यापारियों की हुई भारी क्षति, हरसंभव मदद करेगी योगी सरकार




**कानपुर।** भीषण अग्नि कांड का निरीक्षण करने अनवरगंज हमराज कॉम्प्लेक्स पहुंचे उप्र सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि कानपुर के थोक व्यापारियों को इस अग्निकांड में बड़ी क्षति हुई है। यह बहुत दुखद घटना हुई है। योगी सरकार व्यापारियों के साथ है। यहां के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि आर्थिक क्षति का आकलन करके भेजा जाये।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे बड़े कपड़ों का यह थोक बाजार है। जहां से पूरे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में यही से भेजा जाता है। नवरात्र समेत अन्य पर्व होने की वजह से व्यापारियों के दुकान में माल काफी जमा रहा होगा। यह सत्य है कि कानपुर के व्यापारियों को काफी क्षति हुई है। पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि व्यापारियों का पूरा सहयोग किया जाये, क्षति का आकलन करके सूची तैयार की जाये और उसे तत्काल मुख्यमंत्री कार्यालय भेजा जाये।

ऐसे दुख की घड़ी में जो लोग राजनीति कर रहे हैं, वह गलत है। व्यापारियों को सरकार पूरी तरह सहयोग करने की तैयारी में जुटी है। जिन व्यापारियों की दुकानें नष्ट हुई हैं। उन्हें पुनः बसाने के संबंध में भी मंथन किया जा रहा है। भीषण आग की वजह से पांचों बिल्डिंग कमजोर एवं क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इसकी भी जांच करने के लिए केडीए और एनडीआरएफ की टीमें लगी हुई हैं। व्यापारियों के क्षति का आकलन करते समय उनका भी सहयोग लिया जाये।

